रोहतक

मंगलवार, 16 सितंबर 2025

अशिवन मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 227
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00


**मौसम**

अधि. 36.4
न्यूनः 23.9


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,785.74 | 118.96 ▼ |
| निफ्टी | 25,069.20 | 44.80 ▼ |

| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,13,300/- | 500/- ▼ |
| चांदी | 1,32,300/- | 300/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 88.20 | 6 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 67.26 बैरल | 0.40% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*






## सुप्रीम कोर्ट के 2 जजों की बेंच ने वक्फ कानून के खिलाफ दायर 5 याचिकाओं पर की सुनवाई

# वक्फ कानून बरकरार, 3 सदस्य गैर-मुस्लिम हो सकेंगे, लेकिन 5 साल की शर्त खारिज

### कोर्ट ने वक्फ बाय यूजर को लेकर कोई फैसला नहीं दिया

> *कोर्ट ने साफ किया कि कार्यपालिका किसी भी व्यक्ति के अधिकार तय नहीं कर सकती*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुछ महीने पहले संसद के बजट सत्र में जब वक्फ बोर्ड (संशोधन) अधिनियम 2025 पेश हुआ, तो देश के कई हिस्सों में इसका विरोध किया गया। दोनों सदनों में बहुमत से पास होने के बाद राष्ट्रपति ने भी इसे मंजूरी दे दी। वहीं, अब वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है।

अदालत ने फिलहाल उस प्रावधान पर रोक लगाई है, जिसमें वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए कम से कम 5 साल तक इस्लाम का पालन करने की शर्त रखी गई थी। कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में उचित नियम बनने तक यह प्रावधान लागू नहीं होगा। इसके अलावा, धारा 3(74) से जुड़े राजस्व रिकॉर्ड के प्रावधान पर भी रोक लगाई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि कार्यपालिका किसी भी व्यक्ति के अधिकार तय नहीं कर सकती।

### सुप्रीम कोर्ट ने कुछ धाराओं पर लगाई रोक

#### कार्यपालिका के अधिकारों पर दिखाया आइना

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी कलेक्टर या कार्यपालिका को संपत्ति के अधिकार तय करने की अनुमति देना शक्तियों के पृथक्करण के खिलाफ है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जब तक धारा 3(सी) के तहत वक्फ संपत्ति के मालिकाना हक का अंतिम फैसला वक्फ ट्रिब्यूनल और हाई कोर्ट से नहीं हो जाता, तब तक न तो वक्फ को संपत्ति से बेदखल किया जाएगा और न ही राजस्व रिकॉर्ड से छेड़छाड़ होगी। साथ ही, इस दौरान किसी तीसरे पक्ष के अधिकार भी नहीं बनाए जाएंगे।

#### धारा 3 (आर) पर रोक

*मुख्य आपत्ति धारा 3(आर), 3(सी), 3(डी), 7 और 8 सहित कुछ धाराओं पर थी। इनमें से धारा 3(आर) के उस प्रावधान पर कोर्ट ने रोक लगा दी, जिसमें वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए पांच साल तक इस्लाम का पालन करने की शर्त रखी गई थी। अदालत ने कहा कि जब तक सरकार इस पर स्पष्ट नियम नहीं बनाती, तब तक यह प्रावधान लागू नहीं होगा, वरना यह मनमाना साबित हो सकता है।*

### *केवल दुर्लभतम मामलों में ही बदला जा सकता है कानून*

### कोर्ट का फैसला: पहले क्या था अब क्या होगा

#### कौन बन सकेगा वक्फ बोर्ड का सदस्य

- **पहले:** वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 में प्रावधान था कि पांच साल से ज्यादा समय तक इस्लाम धर्म का पालन करने वाले ही वक्फ बोर्ड के सदस्य बन सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रावधान पर रोक लगा दी।
- **अब:** कोर्ट के अनुसार, जब तक राज्य सरकारें इस संदर्भ में कोई उचित नियम नहीं बना लेती, तब तक वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए यह शर्त लागू नहीं होगी।

#### गैर-मुस्लिमों की संख्या कितनी

- **पहले:** वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 में प्रावधान किया गया था कि वक्फ बोर्ड के 11 सदस्यों में गैर-मुस्लिम सदस्य भी शामिल होंगे।
- **अब:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वक्फ बोर्ड में 3 से ज्यादा गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं हो सकते हैं। वहीं, केंद्रीय वक्फ परिषद में भी 4 से ज्यादा गैर-मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं होंगे। इसके साथ कोर्ट ने कहा है कि अगर मुमकिन हो तो किसी मुस्लिम सदस्य को ही बोर्ड का सीईओ बनाया जाना चाहिए।

#### जिला कलेक्टर के अधिकार पर क्या कहा

- **पहले:** वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के अनुसार, वक्फ बोर्ड जिस भी संपत्ति पर अतिक्रमण करेगा, वो संपत्ति सरकारी है या नहीं? यह तय करने का अधिकार जिला कलेक्टर के पास था।
- **अब:** इस पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिला कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों पर फैसला लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन होगा।

#### पूरे कानून को निरस्त करने की जरूरत: बोर्ड

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश पर निराशा जताते हुए सोमवार को कहा कि व्यापक संवैधानिक चिंताओं का समाधान नहीं करने के कारण कई प्रावधानों का दुरुपयोग होगा, जबकि इस पूरे कानून को ही निरस्त करने की जरूरत है। बोर्ड के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने एक बयान में यह भी कहा कि बोर्ड का 'वक्फ बचाओ अभियान' जारी रहेगा। इलियास ने एक बयान में कहा, "यद्यपि उच्चतम न्यायालय ने संशोधन के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है, लेकिन मुस्लिम समुदाय, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और न्याय चाहने वाले नागरिकों को संविधान के मूलभूत प्रावधानों के विपरीत सभी धाराओं पर रोक की उम्मीद थी।"

# सुप्रीम कोर्ट की दो टूक: गड़बड़ी मिली तो पूरा एसआईआर ही रद्द कर देंगे

### कोर्ट ने चेताया- बिहार पर जो फैसला देंगे, वही पूरे देश पर लागू होगा, आखिरी सुनवाई 7 को होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा हो रहे वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि अगर चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार अवैध गतिविधि होती है तो फिर कोर्ट पूरी प्रक्रिया को ही रद्द कर सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर ऐसा फैसला लिया गया तो वो केवल बिहार के एसआईआर के लिए नहीं बल्कि पूरे देश पर लागू होगा। एसआईआर पर जारी सुनवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वे इस मामले में कोई भी फैसला टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं दे सकते। इसलिए जो भी फैसला होगा, वह पूरे देश के लिए लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह यह मानता है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी के तौर पर निर्वाचन आयोग वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण का काम पूरा करने में नियमों का पालन कर रहा है।

> इस मामले में कोई भी फैसला टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं दे सकते

#### विपक्ष ने उठाए चुनाव आयोग पर सवाल

बता दें कि विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग के एसआईआर अभियान पर सवाल उठाए थे। इसके चलते ही सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर पर सुनवाई हो रही है। विपक्ष द्वारा कथित तौर पर उचित सत्यापन के बिना वास्तविक मतदाताओं के नाम हटा दिए जाने की बात कही गई है, जिसको लेकर लगातार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई का दौर जारी है। ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है, कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से इस मामले का आखिरी रास्ता दिख सकता है।

### पलवल में स्कूल से लौट रहे थे बच्चे, तभी भीषण हादसा

## पुलिस के जवान ने 3 बच्चों को कुचला, दो की मौत

**पलवल (हरिभूमि न्यूज)।** पलवल में हैड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार की तेज रफ्तार कार ने स्कूल से लौट रहे तीन बच्चों को कुचल दिया। इनमें दो की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपित डीएसपी का रीडर है। हादसे के वक्त वह नशे में धुत था। पुलिसकर्मी जब बच्चों को टक्कर मारकर भागने लगा तो आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी है। आरोपित नूंह डीएसपी कार्यालय में रीडर है। दोनों बच्चों के शवों को नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में रखवाया गया है। वहीं, घायल बच्चे को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया है।

> लोग बोले, पुलिसवाला नशे में था, भीड़ पीछे पड़ी, आरोपित डीएसपी का रीडर

### आखिरी दिन कर भरने वालों को हुई भारी परेशानी

## नहीं बढ़ी इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की तिथि

**नई दिल्ली (भाषा)।** आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तारीख होने का कारण कर विभाग के पोर्टल पर सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों ने लॉगइन किया। इस कारण उपयोगकर्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा और उन्होंने सोशल मीडिया पर गड़बड़ियों की शिकायत की। बड़ी संख्या में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने आईटीआर दाखिल करने की समयसीमा 15 सितंबर से आगे बढ़ाने की मांग की। दूसरी ओर विभाग ने कहा कि पोर्टल ठीक से काम कर रहा है। लोगों द्वारा आईटीआर दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने का कोई संकेत नहीं दिया।

> बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने उठाई थी मांग विभाग ने कहा नहीं आई कोई दिक्कत

### एसआईटी वनतारा के कामकाज से संतुष्ट

# वनतारा को मिली सुप्रीम कोर्ट की क्लीन चिट, केस खारिज

### मानहानि का मुकदमा करने को स्वतंत्र है वनतारा – सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीमकोर्ट ने वनतारा पर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए उसे क्लीन चिट दे दी है। शीर्ष अदालत, गुजरात के जामनगर में रिलायंस फाउंडेशन द्वारा संचालित वनतारा (ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर) की जाँच की माँग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। वनतारा पर जो आरोप लगाए गए थे, भविष्य में वैसे ही आरोपों पर की गई शिकायतों या कार्यवाही पर भी शीर्ष अदालत ने कुछ शर्तों के साथ रोक लगा दी है। वनतारा और संबंधित अधिकारियों को एसआईटी द्वारा सुझाए गए उपायों पर विचार करने और उन्हें लागू करने का निर्देश भी कोर्ट ने दिया। इससे पहले मामले की जाँच कर रही सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एसआईटी ने भी अपनी रिपोर्ट में जामनगर स्थित प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी थी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि वनतारा में अनुपालन और नियामों की पालना के मुद्दे को लेकर एसआईटी संतुष्ट है।एसआईटी की रिपोर्ट को सीलबंद करके, गोपनीय रखने का आदेश कोर्ट ने दिया। हालांकि वनतारा को उसके अपने उपयोग के लिए इसकी प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। शीर्ष कोर्ट ने एसआईटी की जांच के निष्कर्षों को गोपनीय नही माना। कोर्ट ने कहा कि "हम प्रतिवादी - वनतारा को किसी भी आपत्तिजनक प्रकाशन को हटाने या गलत सूचना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने या मानहानि के लिए कार्रवाई करने की स्वतंत्रता देते हैं।

" कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों और गैर-सरकारी संगठनों व वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे. चेलमेश्वर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। पिछले माह 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी गठन का आदेश दिया था। एसआईटी ने शुक्रवार को सीलबंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट कोर्ट को सौंप दी थी।''

'' कोई भी इस तथ्य से इंकार नहीं कर सकता कि न्यायमूर्ति चेल्लमेश्वर हमारे समय के सबसे बड़े न्यायविद हैं। उन्हें राजनीतिक वर्ग और अन्य सभी के दबावों और खींचातानी से अप्रभावित देखा गया है। वे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखे जाते हैं जिनके पास दिल है, जो तर्क की आवाज़ हैं और जो धारा के विपरीत तैरने से भी नहीं डरते। वे असहमति की सबसे मज़बूत ताकत और असहमत लोगों की सबसे बड़ी आशा हैं। जब वे किसी विषय पर अपनी राय रखते हैं, तो वे ऐसा नैतिक साहस के साथ करते हैं, जो आज के समय में बहुत कम लोगों के पास है। जब उन्होंने वंतारा में भी कोई गलती नहीं पाई, तो यह न केवल सबसे कट्टर आलोचकों को भी आश्वस्त करना चाहिए बल्कि उन्हें हमेशा के लिए चुप करा देना चाहिए। ''

#### पृष्ठभूमि

* दो रिट याचिकाओं में वनतारा (ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर एवं राधे कृष्णा टेंपल एलीफ़ेंट वेलफ़ेयर ट्रस्ट) में अवैधताओं और अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे।
* इससे पहले (25.08.2025) न्यायालय ने कोई ठोस प्रमाण नहीं पाया था, लेकिन गंभीरता को देखते हुए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में तथ्यान्वेषी जाँच के लिए एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया।

#### एसआईटी जाँच


* SIT ने कई भारतीय एवं विदेशी संस्थाओं (CZA, CBI, ED, DRI, कस्टम्स, CITES निकाय आदि) के साथ समन्वय किया।
* अभिलेखों, हलफ़नामों, स्थल निरीक्षण, विशेषज्ञ राय और व्यक्तिगत सुनवाई की जाँच की।
* पशु अधिग्रहण, तस्करी, अवैध लेन-देन, पशु कल्याण, संरक्षण, वित्तीय अनियमितताओं और पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित आरोपों की जाँच की।

#### मुख्य निष्कर्षः

1. कोई कानूनी उल्लंघन नहीं:
* वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972, जू नियम, CZA दिशा-निर्देश, कस्टम्स अधिनियम, FEMA, PMLA या CITES का कोई उल्लंघन नहीं पाया गया।
* सभी अधिग्रहण और आयात विधिवत अनुमति प्राप्त एवं दस्तावेजित पाए गए।

**वनतारा अर्थात जंगल का तारा :** रिलायंस इंडस्ट्रीज की परोपकारी शाखा, रिलायंस फाउंडेशन द्वारा स्थापित एक पशु बचाव, देखभाल और पुनर्वास पहल है । यह भारत के गुजरात के जामनगर जिले के मोतीखावड़ी गाँव में 3,500 एकड़ की हरित पट्टी में स्थित है । इस परियोजना को आधिकारिक तौर पर 26 फरवरी 2024 को लॉन्च किया गया था और बाद में 4 मार्च 2025 को भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसका उद्घाटन किया गया था।




2. पशु कल्याण एवं सुविधाएँ:
* वनतारा की सुविधाएँ कल्याण, प्रबंधन एवं पशु-चिकित्सा देखभाल के निर्धारित मानकों से बेहतर पाई गईं।
* मृत्यु दर वैश्विक प्राणी उद्यानों के औसत के अनुरूप पाई गई।
* ग्लोबल ह्यूमेन सोसाइटी द्वारा "ग्लोबल ह्यूमेन सर्टिफ़ाइड™ सील ऑफ़ अप्रूवल" प्रदान किया गया।
3. वित्तीय आरोप:
* कार्बन क्रेडिट, पानी या मनी लॉनड्रिंग के दुरुपयोग के दावे निराधार पाए गए।
* धन के प्रवाह में कोई अनियमितता या तस्करी से संबंध नहीं पाया गया।
4. बार-बार की जाने वाली शिकायतें:
* न्यायालय ने नोट किया कि वनतारा के विरुद्ध बार-बार इसी तरह के आरोप लगाए गए, जिनका कोई आधार नहीं निकला।
* ऐसी अटकलों पर आधारित याचिकाओं को प्रक्रिया का दुरुपयोग माना गया।

#### न्यायालय के निर्देश :

* SIT की रिपोर्ट सीलबंद की गई; वंतारा को आंतरिक उपयोग हेतु पूर्ण प्रति दी जाएगी।
* SIT रिपोर्ट का सार गोपनीय नहीं है और न्यायालय के आदेश का हिस्सा है।
* अनुसूची A में उल्लिखित सभी शिकायतें/याचिकाएँ समाप्त मानी जाएँगी।
* समान आरोपों पर भविष्य में किसी भी मंच पर कोई नई शिकायत स्वीकार नहीं की जाएगी।
* वनतारा एवं संबंधित प्राधिकरणों को SIT द्वारा सुझाए गए उपायों को लागू करना होगा।
* वनतारा मानहानिकारक प्रकाशनों के विरुद्ध कानूनी उपाय कर सकता है।
* SIT सदस्यों (सेवारत IRS अधिकारी को छोड़कर) को उनके कार्य हेतु मानदेय प्रदान किया गया।

#### निष्कर्षः

सुप्रीम कोर्ट ने SIT की जाँच को पूर्णतः स्वीकार करते हुए मामलों को बंद कर दिया और समान मुद्दों पर बार-बार मुकदमेबाज़ी पर रोक लगा दी। न्यायालय ने वनतारा के कल्याण मानकों और संरक्षण प्रयासों की प्रशंसा की और निराधार आरोप लगाने के प्रति सावधान किया।



## खबर संक्षेप

### पीसी. मीणा को मिला अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने मानव संसाधन विभाग आयुक्त एवं सचिव पी.सी. मीणा को सामान्य प्रशासन विभाग के आयुक्त एवं सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आई जाट सभा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक डाक्टर महेंद्र सिंह मलिक नेतृत्व (जाट सभा) ने हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर हिमाचल प्रदेश के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। चारों राज्यों के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए उनके ठहरने और खाने-पीने का इंतजाम किया है। जाट सभा ने यूक्रेन युद्ध में धकेले गए युवकों को सुरक्षित वापस लाने की मांग भी की है। इसे लेकर चंडीगढ़ और पंचकूला में बैठक हुई।

### प्रदेश में यात्रा निकालने की तैयारी में राहुल गांधी

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस राज्य में वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाने की तैयारी में है। एक माह तक चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत कांग्रेस जिलाध्यक्षों, सांसदों, विधायक पार्टी के प्रमुख नेता अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में अभियान चलाएंगे। अभियान के पूरा होने के बाद राज्य में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को लाने के लिए प्रदेश के नेता प्रयास कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने आज पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की बैठक बुलाई

# देश में जल्द लागू होंगे तीन नए कानून अमित शाह हरियाणा से करेंगे ऐलान

### तीन अक्टूबर को प्रदेश का दौरा करेंगे गृहमंत्री

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

सूबे में तीन नए कानूनों को लेकर एक बार फिर से चिंतन मंथन होगा, इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह हरियाणा आ रहे हैं। इसको लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आला अधिकारियों की मंगलवार को बैठक बुला ली है। यहां पर बता दें कि गत वर्ष तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के अलावा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लाए गए थे। इनको लागू करने की प्रक्रिया व इस दिशा में उठाए गए कदमों को लेकर समीक्षा के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 3 अक्टूबर को हरियाणा आने जा रहे हैं। इसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों की बैठक बुला ली है।

तीनों नए कानूनों के तहत पिछले साल कुल 1 लाख 36 हजार 269 मुकदमे दर्ज हुए थे। जो वर्ष 2023 की तुलना में 16 हजार 216 कम हैं। प्रदेश में आपराधिक घटनाओं में 14.62 फीसदी की कमी आई। सुनवाई और फैसले की अवधि तय होने से पीड़ितों को पहले की अपेक्षा जल्द न्याय मिलने की पहल हुई है।

### प्रदर्शनी का शुभारंभ भी करेंगे शाह





प्रदेश में आ रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ भी करेंगे। इस क्रम में अमित शाह के दौरे को लेकर राज्य में अभी से तैयारी शुरू हो गई है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार को सिविल सचिवालय में बैठक बुला ली है। अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री प्रदेश में तीनों नए कानूनों को पूरी तरह लागू करने को लेकर तैयारियों पर चर्चा करेंगे। सभी विभागों ने नए कानूनों के अनुसार काम करना शुरू कर दिया है।

### अब कहीं भी हो सकती है जीरो एफआईआर

नए कानून से बाद नागरिक किसी भी पुलिस थाने में जीरो एफआईआर दर्ज करा सकते हैं, चाहे उस थाने का अधिकार क्षेत्र कुछ भी हो। जीरो एफआईआर को क्षेत्राधिकार वाले पुलिस स्टेशन के पास अपराध पंजीकरण के बाद 15 दिनों के भीतर भेजा जाना अनिवार्य होगा। पूरी सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। गवाही के लिए कोर्ट नहीं जाना पड़ेगा। यौन अपराधों के पीड़ितों के बयान दर्ज करते समय वीडियोग्राफी अनिवार्य होगी। तलाशी जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी अनिवार्य होगी। किसी भी अपराध में शामिल होने वाले जब्त किए गए वाहनों की वीडियोग्राफी अनिवार्य होगी।

### नए कानूनों को ऐसे समझें

- इन नए कानूनों में छोटे अपराधों के दंड के रूप में सामुदायिक सेवा का प्रावधान किया गया है।
- नए कानूनों में आतंकवादी कृत्य को भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता, सुरक्षा या आर्थिक सुरक्षा को खतरे में डालने के आशय से या संभावित रूप से किया जाने वाला कृत्य या लोगों को आतंकित करने के आशय से किया जाने वाले कृत्य के रूप में परिभाषित किया गया है।
- नए कानूनों में नस्ल, जाति, समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, वैयक्तिक मान्यता पर आधारित पांच अथवा उससे अधिक लोगों द्वारा की गई मॉब लिंचिंग के लिये मृत्युदंड या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है।
- भगोड़े/प्रपलायी अपराधियों की अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया जा सकेगा।
- 3 वर्ष तक की सजा संबंधी मामलों में संक्षिप्त सुनवाई की जाएगी, जिसका लक्ष्य सत्र न्यायालयों में 40 प्रतिशत से अधिक मामलों का समाधान करना है।
- इन कानूनों में तलाशी और जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी करना अनिवार्य किया गया है। ऐसी रिकॉर्डिंग के बिना कोई आरोप-पत्र मान्य नहीं होगा।
- पहली बार अपराध करने वाला व्यक्ति, जिसने कारावास की सज़ा का एक तिहाई हिस्सा पूरा कर लिया है, उसे न्यायालय द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया जाएगा।
- सात या उससे अधिक अवधि के कारावास वाले प्रत्येक मामले में फोरेंसिक विशेषज्ञों की सहायता लेना अनिवार्य किया गया है।

### विदेश में बैठे गैंगस्टर को सीधे सजा सुनाने का अधिकार

सूबे के सभी थानों को क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम से जोड़ा जा चुका है और एफआईआर भी इसके माध्यम से ही लिखी जा रही हैं। नेशनल साइबर हेल्पलाइन 1930 का स्कोर प्रति डैशबोर्ड 100 प्रतिशत है। साल 2024 में प्रदेश में 1431 महिलाओंसे दुष्कर्म, 112 से दुष्कर्म की कोशिश और 1431 महिलाओं से छेड़खानी की शिकायत दर्ज हुई हैं। अहम बात यहां पर यह है कि दुष्कर्म और छेड़खानी की पीड़िता की मर्जी के अनुसार पुलिस खुद उसके पास जाकर बयान दर्ज करने लगी है। नए कानून में विदेश में बैठे गैंगस्टर या अपराधियों पर कोर्ट में पेशी के बगैर केस चलाने और सजा सुनाने का अधिकार है। इसके अलावा भी अन्य कईं तरह के बदलाव आए हैं, अब पुलिस वाट्सएप पर समन भेजने की सुविधा के कारण सरकार के खर्च और वक्त को बचाया जा रहा है।

## पीपीपी मॉडल के तहत लगाया जाएगा तेल मिल, 150 टीपीडी होगी क्षमता

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड) द्वारा रेवाड़ी जिले के रामपुरा में सरसों तेल का अत्याधुनिक मिल स्थापित किया जाएगा। मिल की प्रारंभिक प्रसंस्करण क्षमता 150 टीपीडी होगी, जिसे 300 टीपीडी तक बढ़ाया जा सकेगा। यह परियोजना डिज़ाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर (डीबीएफओटी) आधार पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत क्रियान्वित की जाएगी। आज यहां मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई। बैठक में बताया गया कि यह संयंत्र अनुबंध प्रदान किए जाने की तिथि से 18 महीने के भीतर चालू होने की उम्मीद है। संयंत्र में विश्वस्तरीय प्रसंस्करण मानक अपनाए जाएंगे और कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदाएँ आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| टेंडर नं | एलपी–मेड–सीडीजी, एलपी–मेड–एसएमएल, एलपी–मेड–केएलके एलपी–मेड–डीयूआई |
| कार्य का नाम | स्वास्थ्य इकाई चंडीगढ़, शिमला, कालका, धुरी के लिए दो साल के लिए समय–समय पर जारी दवा खरीद नीति और आईआरपी के अनुसार दवा, सर्जिकल आइटम और उपभोग्य सामग्रियों आदि की दिन–प्रतिदिन की खुदरा स्थानीय खरीद के लिए खुदरा आपूर्तिकर्ता का पैनल। |
| धरोहर राशि/चंडीगढ़ | निविदा संख्या:–एलपी–एमईडी–सीडीजी के लिए आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान मोड के माध्यम से 17,500/– रुपये |
| धरोहर राशि/शिमला | निविदा संख्या:–एलपी–एमईडी–एसएमएल के लिए आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान मोड के माध्यम से 3,200/– रुपये |
| धरोहर राशि/कालका | निविदा संख्या:–एलपी–एमईडी–केएलके के लिए आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान मोड के माध्यम से 16,000/– रुपये |
| धरोहर राशि/धुरी | निविदा संख्या:–एलपी–एमईडी–डीयूआई के लिए आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान मोड के माध्यम से 9,600/– रुपये |
| पूर्णता अवधि | 2 साल। |
| टेंडर जमा करने और खोलने की अंतिम तिथि और समय | 08.10.2025 को 15.00 बजे तक और 08.10.2025 को 15.10 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे अंबाला कैंट के कार्यालय में खुलेगा। |
| उत्तर रेलवे वेबसाइट | https://ireps.gov.in निविदाकर्ता अपने जोखिम पर बोली लगाना शुरू कर सकते हैं। |

संख्या 43–मेड–एलपी–मेडिसिन–एचयू/सीडीजी, संख्या 43–मेड–एलपी–मेडिसिन–एचयू/एसएमएल, संख्या 43–मेड–एलपी–मेडिसिन–एचयू/केएलके संख्या 43–मेड–एलपी–मेडिसिन–एचयू/डीयूआई

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2814/25



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1434

मनकि अजय कुमार पुत्र कप्तान पुत्र रामेहर, निवासी एवं बिस्वेदार गांव बामडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2019–20 व इंतकाल न0 2808, 2819 त0म0, 2956 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 238 मिन/191/4, खाता न0 244 मिन, मु0 न0 43, किला न0 13/2(3–3), 14/1(3–16), 17/2(5–18), 18/1(2–9), मु0 न0 44, किला न0 3(5–14), 7/1/2(2–19), 8/1(6–16), 8/2 (0–12), 13(5–10), मु0 न0 69, किला न0 3/2(2–0), 4(4–4), किते 11, तादादी रकबा 43 कनाल 1 मरला का 110/1669 भाग, बकदर 2 कनाल 16.74 मरले व खेवट न0 250/199/1 मिन, खाता न0 257, मु0 न0 60, किला न0 26(0–9), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 9 मरले का 17/480 भाग, बकदर 0 कनाल 0.31 मरले व खेवट न0 456मिन/333, खाता न0 464 मिन, मु0 न0 50, किला न0 1/1(7–12), 2(7–7), 9(8–0), 10/1(7–12), किते 4, तादादी रकबा 30 कनाल 11 मरले का 110/1669 भाग, बकदर 2 कनाल 0.26 मरले व खेवट न0 458/335, खाता न0 466, मु0 न0 50, किला न0 1/2 (0–7), 10/2(0–8), 11(3–4), 12(3–7), किते 4, तादादी रकबा 7 कनाल 6 मरले का 110/1669 भाग, बकदर 0 कनाल 9.62 मरले, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 5 कनाल 6.93 मरले (0.6683125 एकड़) व का रकबा मौजा बामडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 43, किला न0 14/1(3–16), मु0 न0 44, किला न0 7/1/2 मिन दक्षिण (0–5), 8/1 मिन पूर्व दक्षिण (1–1.62), 8/2 मिन पूर्व (0–3), 13 मिन पूर्व उत्तर (0–1), मु0 न0 60, किला न0 26 मिन (0–0.31), किते 6, तादादी रकबा 5 कनाल 6.93 मरले (0.6683125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1435

हमकि कृष्ण – जोगिन्द्र पुत्रान औमप्रकाश पुत्र रामपत, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव बामडौला, तहसील बदली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2019–20 व इंतकाल न0 2908 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 392 मिन/284, खाता न0 399 मिन, मु0 न0 71, किला न0 7/2/1(3–2), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 2 मरले (0.3875 एकड़) सालम भाग (जिसमें कृष्ण – जोगिन्द्र हर दो समभाग), वाका रकबा मौजा बामडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 3 कनाल 2 मरले (0.3875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/BSO/724

हमकि चन्दरो विधवा व कुलदीप – प्रदीप पुत्रान जगदीश पुत्र कृष्ण, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार अराजी खेवट न0 3131/2673/1, खाता न0 3495, मु0 न0 301, किला न0 5(7–12), 6(7–12), 15(7–12), 16/1(7–4), नु0 न0 302, किला न0 1/1(6–18), 8/1(5–9), 9(8–0), 10(7–11), 11(8–0), 12(8–0), किते 10, तादादी रकबा 73 कनाल 18 मरले का 5/93 भाग, बकदर 3 कनाल 19.46 मरले (0.496625 एकड़) (जिसमें चन्दरो – कुलदीप – प्रदीप हर तीन समभाग), वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं, जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 302, किला न0 8/1 मिन पूर्व (3–19.46), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 19.46 मरले (0.496625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 15.09.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


## एसआईआर : अधिकारियों व कर्मियों को देंगे प्रशिक्षण

**चंडीगढ़।** सूबे के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 10 सितंबर को सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी जिसमे पूरे देश में विशेष विस्तृत पुनरीक्षण (एसआईआर) को लागू करने निर्देश दिए थे। इसके तहत एसआईआर से सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।


**रा० ओ० प्रशि० सं० खेडा (सिवानी) में स्क्रैप की खुली नीलामी 30 सितंबर को**

खेडा (सिवानी) : राजकीय आईटीआई की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार संस्थान के स्क्रैप की खुली नीलामी 30.09.2025 को की जाएगी। उन्होंने बताया की इच्छुक खरीददार संस्थान में आकर 26.09.2025 तक अपनी सिक्योरिटी फीस दो हजार रुपये जमा कराकर नीलामी में हिस्सा ले सकता है। ये सिक्योरिटी वापिस कर दी जाएगी। उन्होंने बताया की इस स्क्रैप में आईरन स्क्रैप, एमअस स्क्रैप, जीआई सिट स्क्रैप, stainless steel स्क्रैप, copper स्क्रैप और अन्य प्रकार के स्क्रैप भी हैं।

हस्ता/-प्राचार्य राजकीय आईटीआई,
खेड़ा, सिवानी


पीआरडीएच-1065/11/162/2026/38718/88/6 दि. 15.09.25



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 268 दिनांक 12.09.2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. & 84 J.J ACT थाना शहर सोनीपत जिला सोनीपत।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- शिवानी।
पिता का नाम- हरिसिंह।
पता-गली नं. 3 देव नगर जिला सोनीपत ।
उम्र- 15 वर्ष ।
कद- 4'5" फुट ।
हुलिया- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें, पतला शरीर है।
पहनावा- लाल रंग का टोप काले रंग की जीन्स व पैरों में काले के सैन्डल पहने हुए।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.09.2025 को शिवानी पुत्री हरिसिंह वासी गली नं. 3 देव नगर जिला सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चली गयी है। अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना शहर सोनीपत नं.- 7419410532
अनुसंधान कर्ता सत्यनारायण मो. नं.-9812079417
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3908/2026/38742/88/6 दि. 15.09.25


## देश और प्रदेश को विकसित करें युवा उद्यमी : नायब

- समालखा में लघु उद्योग भारती का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



समालखा। अधिवेशन का शुभारंभ करते केंद्रीय शहरी विकास व उर्जा मंत्री मनोहर लाल।





समालखा। मुख्यमंत्री नायब सैनी को स्मृति चिंह भेंट करते हुए लघु उद्योग भारती के पदाधिकारीगण।

समालखा में आयोजित लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन का आयेजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे राष्ट्रीय अभियानों की सफलता में लघु उद्योगों की भूमिका सर्वोपरि है। 21वीं सदी का भारत जिस ऊंचाई और गति से आगे बढ़ रहा है, उसमें एमएसएमई का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि समालखा में लघु उद्योग भारती के तीन दिवसीय औद्योगिक चिंतन से लघु उद्योगों के विकास की नई दिशा मिल सकेगी। इस मौके पर केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश के विकास में उद्योगों का बड़ा योगदान है। लघु उद्योगों को सरकारी सहायता से गति प्रदान कर रोजगार के नए अवसर पैदा किया जा सकते हैं। केंद्र और राज्य सरकार उद्योग हितैषी नीतियों से भारत में नई औद्योगिक संस्कृति को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में वर्षों बाद जीएसटी के इतने कम स्लैब बनाए गए हैं जो कि बड़ी उपलब्धि है। आज विभिन्न उद्योगों में महिलाएं आगे आ रही हैं।

## फरीदाबाद, गुरुग्राम व मानेसर को चमकाने का खाका तैयार : गोयल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा—निर्देशों अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विशेषकर फरीदाबाद, गुरुग्राम और मानेसर शहरों के लिए ठोस कचरा प्रबंधन की योजनाओं को नए सिरे से तैयार किया जा रहा है। इसके लिए इन शहरों के लिए शेष हरियाणा की अपेक्षा अलग से प्रस्ताव अनुरोध दस्तावेज (आरएफपी) तैयार किए जाएंगे। गोयल हरियाणा निवास, चंडीगढ़ में देशभर के ठोस कचरा प्रबंधन में कार्यरत 42 एजेंसियों और उनके प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। गोयल ने कहा कि एजेंसियों ने भले ही दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और अन्य महानगरों में कार्य करने का अनुभव हो, लेकिन हरियाणा में सफल निविदा प्रक्रिया के बाद उन्हें राज्य सरकार के साथ काम करने का एक अलग और सकारात्मक अनुभव मिलेगा।

### पानी उतरने के बाद आए राहुल : विज

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि ''बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते, पानी तो आकर चला भी गया और उतर भी गया, जब पानी में लोग डूब रहे थे, तब तुम्हारा राहत भरा हाथ किसी की ओर बढ़ा नहीं। विज ने कहा कि जब सारा पानी उतर गया है तो राजनीतिक कार्यवाही के तौर राहुल गांधी आए हैं कि मैं भी गया था। अनिल विज चंडीगढ़ में मीडिया कर्मियों द्वारा राहुल गांधी के पंजाब में बाढ़ ग्रस्त इलाकों के दौरे के संबंध में पूछे सवाल का जवाब दे रहे थे।

### 22 सितंबर को मनाया जाएगा महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह

**पंचकूला।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महाराजा अग्रसेन जयंती को सरकारी स्तर पर मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से अग्रवाल समाज में खुशी की लहर है। विपुल गोयल आज अग्रवाल भवन सेक्टर-16 में महाराजा अग्रसेन जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक में में पंहुचे, जिसकी अध्यक्षता अग्रवाल समाज पंचकूला के कन्विनर अमित जिंदल ने की। उपस्थित अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों के द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती को सरकारी स्तर पर मनाने की घोषणा करवाने हेतू विपुल गोयल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया।


**राजकीय महाविद्यालय जसिया (रोहतक)**

गांव व डा. जसिया, जिला रोहतक (हरियाणा), पिन–124303
ई–मेल आईडी – gclassial@gmail.com, मो. नं. : 9812273758

**निविदा आमंत्रण हेतु सूचना**

राजकीय महाविद्यालय जसिया (रोहतक) में परिसरों की सफाई और हाउसकीपिंग सेवाओं इत्यादि के लिए समकक्ष सेवाओं में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाले पात्र एवं इच्छुक निविदकों / सेवा एजेंसियों (हरियाणा सरकार द्वारा अनुमोदित) से निर्धारित प्रपत्रों में निविदाएं एतद द्वारा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदक / सेवा एजेंसियां प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, जसिया (रोहतक) के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को पूर्वा 9.00 बजे से अप. 4.00 बजे तक अन्तिम तिथि से पूर्व रु. 500/– का भुगतान करके (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, जसिया (रोहतक) के पक्ष में देय किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट / बैंक चेक के माध्यम से भुगतानयोग्य) निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। सभी नियम व शर्तें प्रपत्र के साथ संलग्न हैं।

सभी नियम व शर्तें महाविद्यालय की वेबसाइट http://gcjassia.ac.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| निविदाएं जमा करवाई जानी चाहिएं | 01.10.2025 अप. 04.00 बजे तक |
| निविदा के खुलने का समय | 03.10.2025 अप. 02.00 बजे |

हस्ता/– प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,
जसिया (रोहतक)

पीआरडीएच–1031/11/285/2026/38717/88/6 दि. 15.09.25


## एक से शुरू होने वाली फसल खरीद हरियाणा में समय से पहले की जाएगी

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केन्द्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के साथ की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी के साथ बैठक कर किसानों के हितों और फसल खरीद से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हरियाणा में 1 अक्तूबर से प्रस्तावित फसल खरीद को निर्धारित समय से पहले शुरू करने की अनुमति दी जाए, ताकि सिानों को बिना किसी परेशानी के अपनी उपज बेचने का अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री के इस आग्रह को केंद्र सरकार ने स्वीकार कर लिया। बैठक के दौरान, प्राइवेट एंटरप्रेन्योर्स गारंटी (पीईजी) स्कीम के तहत हरियाणा के गोदामों की क्षमता को बढ़ाकर 30 लाख मीट्रिक टन करने की केंद्र सरकार की ओर से मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा, केंद्रीय पूल में हरियाणा द्वारा दिए गए गेहूं और चावल की फसल की बकाया राशि 6200 करोड़ रुपये का जल्द भुगतान का भी आश्वासन मिला है।

### गेहूं और चावल का स्टॉक

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के पास मौजूदा वक्त में केंद्रीय पूल का 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं और चावल का स्टॉक है। दिसंबर में अगली फसल की सप्लाई शुरू होने पर हरियाणा को 14.5 लाख मीट्रिक टन स्टॉक रखने का स्थान केंद्र सरकार से अतिरिक्त प्राप्त होगा। अतिरिक्त चावल व गेहूं को अन्य राज्यों में भेजा जाएगा। बैठक के दौरान, फसल विविधीकरण और गन्ने की फसल को बढ़ावा देने के लिए सैनी ने शुगर मिल की दूरी को 25 किलोमीटर से घटाकर 15 रखने का प्रस्ताव दिया, जिस पर सरकार ने अनुमोदन दिया।


**THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD; SONIPAT**

**"E-Tender Notice"**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Complete arrangement at FFE no.-1 for dismantling and inserting the tubes from top side conical roof portion. | 2025_HBC_472329_1 |
| 2. | Purchase of C/F Machine & Cane unloader Spares | 2025_HBC_472342_1 |
| 3. | Purchase of FRP Pipes and Fittings | 2025_HBC_472353_1 |
| 4. | Purchase of Rubber goods | 2025_HBC_472370_1 |
| 5. | Regarding purchase of the spares for both mill turbines SS 26 AP Bellis make. | 2025_HBC_472378_1 |
| 6. | Overhauling, servicing and A.M.C. of 3 nos. centrifugal machine control panels. | 2025_HBC_472391_1 |
| 7. | Sales of Molasses | 2025_HBC_472399_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 23.09.2025 at 10:30 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 24.09.2025 at 9:00 A.M. and the negotiation will be held on 24.09.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

Sd/-Managing Director,
The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd., Sonipat

# कंबोडिया में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर देहरादून का युवक लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर करता था ठगी, घर में मिला मिनी एक्सचेंज, बिना फोन 256 को कॉल करता था

## कुरुक्षेत्र के सेवानिवृत्त जवान से 49 लाख वसूले

## आरोपी से 6 फोन,1 लैपटॉप, 278 सिम कार्ड व 6 सिम बैंक सवेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जो कम्बोडिया में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर देहरादून में बैठकर ठगी करता था। साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र टीम ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी अनिकांत भट वासी दीपनगर देहरादून उत्तराखंड को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र में दी अपनी शिकायत में बाल कृष्ण वासी सैक्टर-2 कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह फौज से रिटायर है। 24 अगस्त को उसके पास एक अनजान नंबर से लडकी की कॉल आई। लड़की ने अपने आपको बैंक का कर्मचारी बताया और कहा कि उसके क्रेडिट कार्ड पर 1 लाख का बिल बकाया है। जब उसने बताया कि उसके पास कोई क्रेडिट कार्ड नहीं है तो उसने कहा वह उसकी बात अपने सीनियर डिपार्टमेंट में करवा रही है। उसके बाद उसके पास अलग-अलग नंबर से कॉल आई और और उन्होंने उसको बताया कि उसके आधार कार्ड का प्रयोग करके कोई करोड़ों रुपये की मनी लांड्रिंग कर रहा है। इसके बाद वह डर गया और जैसा उन्होंने कहा वह वैसा ही करता गया। उन्होंने उसको कहा कि इस बारे में किसी को न बताए और 30 लाख रुपये का इंतजाम कर ले। 28 अगस्त को फिर से कॉल आई और उसने उनके बताए खाते में 29 लाख 85 हजार जमा करवा दिए। उसको बताया गया कि बैंक भी अकेला जाये और और उसको फोन काटने नही देते थे। 1 सितम्बर 25 को उस पर फिर से काल आई और पैसे जमा करने के लिए बोला गया। उसके बताए खाते में उसने 49 लाख रुपये जमा किए। बाद में धोखाधड़ी का शक होने पर उसने शिकायत दर्ज करवाई।



कुरुक्षेत्र। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक। फोटो : हरिभूमि

### पासपोर्ट किया जब्त

पुलिस टीम ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी अनिकांत भट वासी दीपनगर देहरादून उत्तराखंड को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से 6 फोन, 1 लैपटॉप, 278 सिम कार्ड, 6 सिम बैंक सवेट, 1 कैमरा, 2 वाई फाई बॉक्स, 1 पासपोर्ट व 1 पर्स बरामद किया गया।

### कंबोडिया से साइबर ठगी की ट्रेनिंग लेकर आया था अनिकांत

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि आरोपी अनिकांत भट साइबर ठगी के लिए कम्बोडिया से ट्रेंनिग लेकर आया है। आरोपी देहरादून में सिम बैंक सवेट (सिम बॉक्स) की मदद से लोगों को ठगी का शिकार बनाता था। आरोपी कम्बोडिया में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर देहरादून में बैठकर ठगी करता था। इस पर नजर रखने के लिए इसके गैंग के लोगों ने इसके कमरे में कैमरा लगवाया हुआ था जिसकी मदद से कम्बोडिया में बैठे इसके गैंग के लोग इस पर नजर रख रहे थे। पुलिस इस इंटरनेशल ठगी रैकेट की कुंडली खंगालने में जुटी हुई है।

### मिनी फोन एक्सचेंज की तरह काम करता है सिम बॉक्स

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि सिम बॉक्स मिनी एक्सचेंज की तरह काम करता है। यह बॉक्स आम आदमी की पहुंच से बाहर है तथा विदेश से ही इसे मंगवाया गया है। एक बॉक्स में 256 सिम आती हैं जिसका माध्यम से आरोपी एक बॉक्स की मदद से 256 लोगों को बिना किसी मोबाइल की मदद से फोन कर सकता है। उन्होंने बताया कि यह सिम बॉक्स कम्बोडिया से मंगवाया गया है। इस बॉक्स की मदद से विदेश में बैठकर कॉल करने पर सुनने वाले को लगता था कि लोकल कॉल है।

## खबर संक्षेप

### 11 हजार लीटर तेल चोरी करने का आरोपी काबू

**हांसी।** थाना बास पुलिस ने टैंकर से तेल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लिबासपुर निवासी रामकुमार के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई योगेन्द्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर दिनांक 8-9 सितंबर की रात को गांव रोशन खेड़ा से जीवीजी कम्पनी के तेल टैंकर से 11 हजार लीटर इंडसट्रियल तेल चोरी कर लिया था। पुलिस ने कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### दंपति 14.45 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार



**फतेहाबाद।** हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने गांव दरियापुर के पास एक दंपति को 14.45 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। कार्रवाई को अंजाम फतेहाबाद यूनिट के प्रभारी उप-निरीक्षक तरसेम सिंह के नेतृत्व में दिया गया, जिसमें उप-निरीक्षक बनवारी लाल व उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव दरियापुर के पास एनएच-9 पर चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार दंपति को रोका। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र गुरमेल सिंह एवं उसकी पत्नी पिकी, निवासी नई भीमा बस्ती, फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### घातक ड्रग कोकीन के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए रतिया की टीम ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर दरियापुर निवासी मोनू कुमार पुत्र धर्मपाल को धर दबोचा। आरोपी को हंसपुर फतेहाबाद बाईपास के पास उस समय पकड़ा गया जब वह नशीले पदार्थ की तस्करी करने की फिराक में था। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए मौके पर दबिश दी और तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। सीआईए रतिया प्रभारी रिछपाल सिंह ने बताया कि तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 9.72 ग्राम कोकीन बरामद की गई।



### चचेरी बहन से दुष्कर्म के दोषी को बीस साल कैद

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमराज मित्तल की कोर्ट ने चचेरी बहन से दुष्कर्म करने वाले आरोपी प्रवीण कौशिक को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर 60 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। यह मामला 1 मार्च 2020 को थाना सेक्टर-58 में दर्ज हुआ था। युवती आरोपी को बड़ा भाई मानती थी। युवती अक्सर अपने चाचा के बेटे यानी आरोपी प्रवीण कौशिक के कमरे में बेझिझक जाया करती थी। लेकिन आरोपी ने बुरी नीयत से मौका पाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बना लिए। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया था।

## क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण में फर्जीवाड़ा - डीसी कार्यालय पहुंचे ढाणी बाठोठा व मंढाणा के किसान

# नारनौल के किसानों की भूमि पर मेवात के लोगों का पंजीकरण


**डीआरओ को दी शिकायत, मंगलवार को किसान दस्तावेज सहित रखेंगे पक्ष**

*जिले में पिछले कुछ सालों के फसल पंजीकरण डाटा में खरीफ ऋतु का किसानों द्वारा फसल पंजीकरण रबी ऋतु से कम होता है। जिसकी वजह से अबकी बार जालसाज पूरी तरह से सक्रिय हो गए है*

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

क्षतिपूर्ति पोर्टल में जब किसान पंजीकरण कर रहा है तो उनकी जमीन पर मेवात के लोगों द्वारा पंजीकरण दर्शाया जा रहा है। इससे जमीन मालिकों की टेंशन बढ़ गई है। जब हरिभूमि ने इस खबर को 14 सितम्बर को ' जांच का विषय : मेवात के लोगों ने महेंद्रगढ़ के किसानों की जमीन का कराया पंजीकरण, असल किसान परेशान' नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। इसके बाद अन्य गांव से ही इस तरह की शिकायतें मिलने लगी है। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने भी अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। जिनके नाम खबर में थे, उनसे कॉल करके बयान व शिकायत देने का आग्रह किया गया है। वहीं, रविवार की छुट्टी के बाद जब सोमवार को सरकारी दफ्तर खुले तो ढाणी बाठोठा व मंढाणा के किसान डीसी कार्यालय पहुंचे। डीसी की अनुपस्थिति में वहां शिकायत दर्ज करवाई और फिर डीआरओ के समक्ष पेश होकर आपबीती बताई। किसानों को उम्मीद जगी है कि प्रशासन गंभीरता से उनकी बात सुन रहा है और समाधान भी निकल सकता है। पिछले कुछ सालों के जिला में फसल पंजीकरण डाटा देखे जाए तो खरीफ ऋतु का किसानों द्वारा फसल पंजीकरण रबी ऋतु से कम होता है। जिसकी वजह से अबकी बार जालसाज अधिक सक्रिय दिखाई दिए है।

### धोखाधड़ी से टेंशन में किसान



खरीफ ऋतु की फसल में सितंबर माह मे अधिक वर्षा होने की वजह से फसलों मे नुकसान हो गया है। स्थानीय नेताओं के प्रयास से जिले का क्षतिपूर्ति पोर्टल पर नाम डलवाया गया, जिसकी वजह से किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण करना शुरू किया। किसान खराब फसल की सूचना पोर्टल पर अपलोड करने के लिए फसल का पंजीकरण करवाता है तो उसकी जमीन का पहले से पंजीकरण की सूचना मिलती है, जिस वजह से ऐसे किसान टेंशन में है। बहुत से किसान से ऐसे भी जिन्होंने अभी तक पंजीकरण नहीं करवाया है। उनके साथ भी ऐसे होने की संभावना हो सकती है या फिर जमीन के सांझा खाते में भी ध्यान नहीं दिया जाता है। ऐसे में ठगों की बल्ले बल्ले हो रही है।

### राजस्व विभाग से फसल पंजीकरण की जांच करने की मांग




**मंढाणा के किसानों ने दी खसरा नंबर सहित शिकायत :** गांव मंढाणा के कुछ किसान सोमवार उपायुक्त कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे। शिकायत में करण सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया है कि गांव मंढाणा के किसानों की जमीन पर मेवात के कुछ लोगों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर गलत पंजीकरण करवाया हुआ है, जिससे जमीन के मालिक को पंजीकरण में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खसरा नंबर 1//23,24//18/2, 24//19, 25//25/2, 40//5, 43//3/2 इत्यादि है। इन सभी पर कुछ अय लोगों द्वारा फर्जी पंजीकरण किया हुआ है। ऐसे ही काफी जमीन पर गलत पंजीकरण किया हुआ है। इन फर्जी पंजीकरण को हटवाकर असल किसानों को पंजीकरण का अवसर दिया जाए। पंजीकरण की अंतमि तिथि 15 सितम्बर है लेकिन अभी इन फर्जी पंजीकरण की वजह से असल किसान अपना पंजीकरण नहीं करवा पाए है और जो किसान पंजीकरण से वंचित रह गए है। उन्हें उनका फसल पंजीकरण और क्षतिपूर्ति पर पंजीकरण करवाने का अवसर दिया जाए तथा अंतिम तिथि को दो दिन के लिए ओर बढ़ाया जाए।

### ढाणी बाठोठा के किसान भी पहुंचे डीसी कार्यालय

गांव ढाणी बाठोठा के किसान योगेश कुमार, हंसवीर, प्रदीप कुमार, अनुप सिंह, ललित, देवदत्त, बाबूलाल सहित सरपंच नरेश कुमार ने डीसी कार्यालय में शिकायत दी है। शिकायत में बताया है कि ढाणी बाठोठा के किसानों की जमीन पर मेवात के कुछ लोगों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर गलत पंजीकरण करवाया हुआ है। जिससे जमीन के मालिक को पंजीकरण में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिनमें से कुछ खसरा और किला नंबर 7//15, 7//6/1, 7//6/1, 7//17, 8//17/1, 8//18, 9//4/1, 9//22, 13//14, 31//23, 65//18 इत्यादि है। इन सभी पर (अरसीद, मोहम्मद साहिल, रसीद) जैसे फर्जी नाम से पंजीकरण किया हुआ है। ऐसे ही काफी जमीन पर गलत पंजीकरण किया हुआ है। फर्जी पंजीकरण हटाते उसे ठीक करने की मांग की गई।

## सोनीपत व पलवल में दो लोगों की हत्या : एक जमानत पर था, दूसरा साज काट कर आया था

# लाठी-डंडों से पीटकर हिस्ट्रीशीटर की हत्या

**दो माह पहले ही जमानत पर आया था घर, प्लॉट विवाद में हत्या**





■ शक्ति के खिलाफ 13 से अधिक केस दर्ज

**गन्नौर।** गांव राजपुर में सोमवार सुबह आरओ प्लांट के पास गांव के ही एक हिस्ट्रीशीटर की तेजधार हथियार व लाठी डंडों से पीट पीट कर हत्या कर दी गई। मरने वाला शक्ति दो माह पहले ही जमानत पर आया था। ग्रामीणों की सूचना पर डीसीपी पूर्व प्रबीना पी, एसीपी गन्नौर, बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम को बुलाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल भिजवा दिया। जांच में पता चला कि शक्ति का गांव के ही बिजेंद्र से प्लाट को लेकर विवाद चल रहा था। शक्ति की मां शीला देवी ने बताया कि शक्ति सुबह बिजेंद्र के घर गया, जहां दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इसी दौरान बिजेंद्र उसके भाई कृष्ण, सुंदर, जोगेंद्र, भतीजे राहुल और आकाश सहित अन्य ने लाठी-डंडों से शक्ति पर हमला कर दिया।

### पुलिस ने छह लोगों पर केस दर्ज किया

पुलिस ने मृतक की मां शीला देवी की शिकायत पर बिजेंद्र उसके भाई कृष्ण, सुंदर, जोगेंद्र व भतीजे राहुल, आकाश व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसीपी गन्नौर ने बताया कि मृतक शक्ति अपराधी प्रवृत्ति का था और उस पर हत्या व हत्या के प्रयास सहित 13 से अधिक केस अलग-अलग थानों में दर्ज थे।

### जेल में बंद भाई पर भी 16 से अधिक केस

पुलिस के अनुसार मृतक शक्ति का भाई पवित्र भी अपराधी प्रवृति का है। उस पर भी 16 से अधिक केस अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। वह भी जेल में सजा काट रहा है। भाई की मौत के बाद पवित्र उसके दाह संस्कार में भी शामिल नहीं हो सका।

## पलवल में कत्ल केस में सजा काटकर आए व्यक्ति की हत्या

■ युवक ने पिता के मर्डर का बदला लेने के लिए 6 गोलियां मारीं, बेटा बाल-बाल बचा

**पलवल।** पलवल में सोमवार को एक व्यक्ति की 6 गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। साथ ही उसकी पत्नी से भी मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने घर जाकर उसके बेटे को गोली मार दी। युवक ने पड़ोसियों के घर में छिपकर जान बचाई। ग्रामीणों को आता देख बदमाश फरार हो गए। मृतक की पहचान काशीपुर गांव निवासी बिजेंद्र सिंह (55) के रूप में हुई है। परिवार का आरोप है कि 20 साल पहले गांव के पप्पू की हत्या हुई थी। इस मामले में बिजेंद्र ने 7 साल की सजा काटी। पप्पू के बेटे दीपांशु ने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए बिजेंद्र की हत्या की है। कैंप थाना पुलिस ने मृतक किसान की पत्नी की शिकायत पर गांव के ही निवासी 18 लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में काशीपुर निवासी श्यामवती ने कहा कि वह और मेरे पति बिजेंद्र सुबह 10 बजे घर से खेतों में पशुओं का चारा लेने गए थे। हम चारा लेकर घर लौटकर आ रहे थे। उसी दौरान गांव के ही दिपांशु, तुषार, कुलदीप, संदीप, गौरव, सौरव, कृष, प्रवीण व अन्य ने हमला किया।

छह सितंबर को युवक ने मार दी थी गोली

## अमेरिका से दस दिन बाद जींद पहुंचा कपिल का शव, किया अंतिम संस्कार

**जींद।** गांव बराह कलां के 26 वर्षीय युवक कपिल की अमेरिका में छह सितंबर को अमेरिकी ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। करीब नौ दिन बाद मृतक कपिल का शव सोमवार को उसके गांव बराह कलां में पहुंचा। गांव में कपिल के शव का अंतिम संस्कार किया गया। गौरतलब है कि बराह कलां के ईश्वर का बेटा कपिल 2022 में अमेरिका गया था। वह पनामा के जंगलों से होते हुए डंकी रूट के जरिए मेक्सिको की दीवार फांदकर अमेरिका में कूदा था। इसके बाद वहां गिरफ्तारी हुई और वहां पर केस चलाकर रहने लगा था। फिलहाल वह अमेरिका के कैलिफोर्निया के एलए शहर में रहता था और फ्लिपकार्ट के स्टोर पर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। छह सितंबर को कपिल स्टोर पर अपनी ड्यूटी पर तैनात था। तभी अमेरिकी मूल का व्यक्ति उसके स्टोर के पास आया। अमेरिकी व्यक्ति सड़क पर ही शौच करने लगा तो कपिल ने उसे ऐसा करने से मना कर दिया। जिसपर युवक से उसे गोली मार दी थी।

जींद में चार लोगों पर केस दर्ज

## होमगार्ड से मारपीट कर वर्दी फाड़ी, हाथापाई, महिला से दुर्व्यवहार किया

**जींद।** पुराना बस अड्डे के निकट रेड लाइट पर ड्यूटी दे रहे जवान के साथ हाथापाई करने, वर्दी फाडने तथा गाड़ी सवार एक महिला के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने होमगार्ड जवान की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुराना बस अड्डे के निकट रेड लाइट पर तैनात होम गार्ड जवान गांव कंडेला रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में कि वह डयूटी पर उसी दौरान रेड लाइट पर इनोवा सवार व्यक्ति दूसरी कार सवार महिला से उलझ गया और बदसलूकी पर उतर आया। जिसके चलते रास्ता बाधित हो गया। उसने इनोवा सवार को रास्ते से गाड़ी हटाने के लिए कहा तो वह उससे उलझ गया और बदतमीजी पर उतर आया। पुलिस ने गांधी नगर निवासी अंकित, मोहित, सलमान तथा अंकित के खिलाफ मारपीट करने व अन्य मामलों में केस दर्ज किया है।

फाइबर से बना मैनहॉल आधा खुला था

## खेलते-खेलते सीवर के मैनहॉल में ढाई साल का मासूम, जान गई

**गुरुग्राम।** सेक्टर-65 में आईएफसी चौक के पास नाले के मेन होल में गिरने से ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई। मेन होल पर फाइबर का ढक्कन तो था, लेकिन वह ठीक से बंद नहीं था और आधा खुला हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को निकलवा कर नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। जानकारी अनुसार, राजस्थान के टोंक जिले का रहने वाला कालू कई सालों से गुरुग्राम के उल्लावास इलाके में परिवार सहित झोपड़ी में रहता है। कालू मजदूरी करता है और साथ में सडक किनारे खिलौने और फूल बेचता है। वह अपनी पत्नी के साथ काम पर लगा हुआ था और ढ़ाई साल के बच्चे दिलराज को पास में बने मेन होल के किनारे बैठा दिया था। खेलते-खेलते बच्चा उसमें गिर गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को निकलवा कर नजदीक के अस्पताल ले जाया गया।

# दिव्यांग पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास और जुर्माना, हत्या कर शव को चौपाल में बांधा था

**फतेहाबाद।** दिव्यांग पत्नी के सिर पर ईंटों से हमला कर उसकी हत्या करने और उसके शव को गांव के चौपाल के जंगले में चुन्नी डालकर आत्महत्या का रूप देने के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत यादव की अदालत ने दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा उस पर 15 हजार रूपये का जुर्माना भी किया गया है। हत्यारा पति अपनी दिव्यांग पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में उप-जिला न्यावादी नवदीप ने इस केस में पैरवी की थी। मिली जानकारी के अनुसार टोहाना पुलिस ने 30 मार्च 2023 को गांव लधुवास निवासी आरोपी पति हरभेज के खिलाफ मृतका वीरपाल कौर के भाई पंजाब के मानसा जिला के गांव काहनगढ़ निवासी बूटा सिंह की बयान पर मामला दर्ज किया था।

### सिर पर ईंट मारकर की थी हत्या, चरित्र पर करता था संदेह

पुलिस को दिए गए बयान में उसने बताया कि उसकी बहन वीरपाल कौर की शादी करीब 12 वर्ष पहले लधूवास निवासी हरभेज सिंह के साथ हुई थी। उसका जीजा हरभेज सिंह ने उसकी बहन वीरपाल कौर जो दोनों पैरों से दिव्यांग है, के सिर पर ईंटों से चोटें मारकर हत्या कर थी। हरभेज उसके चरित्र पर संदेह करता था। इस कारण वह उसको परेशान करने के साथ साथ मारता-पीटता था। उसने व उसके पिता दीवान सिंह ने हरभेज सिंह को कई बार समझाया था। सूचना मिलने पर वे लधुवास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उसकी बहन के सिर पर काफी चोटें लगी हुई थी और वह खून से लथपथ पड़ी थी। हरभेज सिंह ने पुलिस के समक्ष कहा कि उसकी पत्नी वीरपाल कौर के पास उसके दूर का रिश्तेदार लाली सिंह आता था। उसे शक था कि उसकी पत्नी और लाली के बीच नाजायज संबंध है। 29 मार्च 2023 को उसकी पत्नी रतिया से दवाई लेने का कहकर गई थी और शाम को वह लाली के साथ घर आई। उसने अपनी पत्नी को जान से मारने की योजना बना ली। उसने पहले लाली को ज्यादा शराब पीला दी ताकि लाली नींद से न जागे। रात्रि करीब 11 बजे सांप आने का बहाना बनाकर उसने पत्नी को बाहर बुला लिया। बाहर आने पर उसने ईंट से उसके सिर पर घातक वार किया, तो उसकी पत्नी बेहोश हो गई। इसके बाद वह अपनी पत्नी के शव को साइकिल पर रखकर चौपाल ले गया। वहां उसने उसकी चुन्नी से गला घोंट दिया और उसे चौपाल की खिडकी से बांध दिया। अदालत ने 2 सितंबर को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी पति हरभेज सिंह को दोषी करार दिया था और आज उसे सजा सुनाई गई।



## पेंशन वित्त विधेयक के विरोध में 17 को जंतर-मंतर पर धरना देंगे कर्मचारी

फरीदाबाद। रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला फरीदाबाद संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन की मीटिंग जिला प्रधान नवल सिंह नरवत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला सचिव लज्जाराम द्वारा संचालित मीटिंग में फैसला लिया गया कि केंद्र सरकार द्वारा पारित पेंशन वित्त विधेयक 2025 के विरोध में 17 सितंबर को दिल्ली जंतर मंतर पर होने वाले धरना प्रदर्शन में फरीदाबाद के रिटायर्ड कर्मचारी बढ़-चढक़र भाग लेंगे। मीटिंग को संबोधित करते हुए राज्य के उप प्रधान यूएम खान एवं श्रीमती आशा शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार का पेंशन वित्त विधेयक किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है क्योंकि इसके तहत 31 दिसंबर 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के लाभों से वंचित किया जाएगा। इसलिए केंद्र व राज्य के लाखों पेंशनर्स मिलकर इस विधेयक को वापस लेने तक मिलकर संघर्ष करेंगे।केंद्र सरकार व राज्य सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की अन्य मांगों कैशलेस चिकित्सा सुविधाए पेंशन में 65 साल बाद 5 परसेंट, 70 साल बाद 5 प्रतिशत, 75 साल बाद 5 प्रतिशत बढ़ोतरी, कॉम्यूटेशन राशि की रिकवरी 15 साल की बजाय 11 साल में करना, फैमिली पेंशनर को सुविधा देना आदि को भी पूरा नहीं कर रही है। जिसके कारण रिटायर्ड कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

## एग्जाम में लेट आने पर प्रवेश न देने से भड़के छात्र, रोड जाम किया

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ क्षेत्र के शहर थाना अन्तर्गत अग्रवाल पब्लिक स्कूल प्री एग्जाम देने पहुंचे बच्चों को स्कूल में देरी से आने पर अंदर नहीं आने दिया गया। जिसके बाद बच्चों ने स्कूल के बाहर हंगामा कर दिया और 50 के करीब स्कूली बच्चों ने रोड को जाम कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाया और आगे से समय पर आने की नसीहत दी। जानकारी के मुताबिक मेन बाजार स्थित अग्रवाल पब्लिक स्कूल में 9वीं से लेकर 12वीं तक के बच्चों के प्री एग्जाम चल रहे हैं। स्कूल में आने का समय साढ़े 7 बजे तक का रखा गया है, लेकिन कुछ बच्चे इस समय के बाद स्कूल पहुंचे।

### पुलिस ने बच्चों को समझाकर स्कूल के अंदर भेजा

स्कूल की सिक्योरिटी ने साढ़े 7 बजे ही स्कूल के गेट को बंद कर दिया। जिससे बच्चे स्कूल के अंदर नहीं जा सके। गुस्से में आकर स्कूली बच्चों ने स्कूल के बाहर ही रोड को बंद कर दिया। जिससे रोड बंद हो गया और जाम के हालात बन गए। मामले की सूचना मिलते ही अग्रसेन चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई और बच्चों को समझाकर जाम को खुलवाया। जिसके बाद बच्चों को स्कूल में अंदर करा दिया गया और आगे से समय पर आने की नसीहत दी गई। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्कूली बच्चों को समझाकर उनको स्कूल में भेज दिया। जिसके बाद रोड पूरी तरह से चालू हो गया। बच्चों को आगे समय से आने के लिए बोला गया है।

## खबर संक्षेप

### 26 अक्टूबर से चालू होगा दिल्ली हवाई अड्डे का टर्मिनल-2

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे का उन्नत टर्मिनल-2 अगले महीने की 26 तारीख से चालू हो जाएगा। इससे कुल वार्षिक यात्री क्षमता 10 करोड़ हो जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) में तीन टर्मिनल - टी1, टी2 और टी3 हैं। यह देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है।

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 88.20 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार के बाद छह पैसे बढ़कर 88.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी व्यापार शुल्क को लेकर चिंताओं और फेडरज रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच रुपया 'फंसा' रहा। नियंत्रित करने और इसके त्वरित अवमूल्यन को रोकने में मदद मिली है।



### बीएचईएल को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2024-25 के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार

**नई दिल्ली।** बीएचईएल को राजभाषा के क्षेत्र में 'उत्कृष्ट कार्यान्वयन' एवं 'श्रेष्ठ हिन्दी गृह पत्रिका' के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजभाषा के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार बीएचईएल के निदेशक (मानव संसाधन) श्री कृष्ण कुमार ठाकुर ने 14 सितंबर को गांधीनगर, गुजरात में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह और 5वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से प्राप्त किए।

# अब नहीं पड़ेगी एटीएम की जरूरत, फोन पर एक स्क्रैन से निकाल सकेंगे कैश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अब स्मार्टफोन से कैश निकालना और आसान होने जा रहा है। देश में हर जगह इस्तेमाल होने वाला यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस), जो अभी तक पैसे भेजने, बिल चुकाने और ऑनलाइन खरीदारी के लिए इस्तेमाल होता है। अब कैश विड्रॉल के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।

- क्यूआर कोड स्कैन कर निकाल पाएगे राशि

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) अब क्यूआर कोड स्कैन कर कैश निकालने की सुविधा भी शुरू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए लाखों बिजनेस करेसपॉन्डेंट्स (बीसीएस), जैसे कि किराना दुकानदार या छोटे सर्विस प्वाइंट, क्यूआर कोड देंगे। ग्राहक अपने मोबाइल में किसी भी यूपीआई ऐप से कोड स्कैन करके नकद निकाल पाएंगे।

## एनपीसीआई करने जा रहा बड़ी तैयारी

### आरबीआई से मांगी अनुमति

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (जो देश में रिटेल पेमेंट्स और सेटलमेंट सिस्टम चलाने वाली संस्था है) ने आरबीआई से अनुमति मांगी है कि यूपीआई के जरिए नकद निकासी की सुविधा बिजनेस करेसपॉन्डेंट्स (बीसी) पर भी दी जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, एनपीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह सुविधा अभी योजना के स्तर पर है और इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

### अभी क्या विकल्प मौजूद हैं

फिलहाल ग्राहक बीसी के पास मौजूद माइक्रो-एटीएम मशीनों से एटीएम कार्ड डालकर पैसा निकाल सकते हैं। लेकिन यह तरीका बहुत कम इस्तेमाल होता है।





*नकदी निकासी आसान होगी : सरकार और बैंकिंग सेक्टर यूपीआई से नकद निकासी को और आसान बनाने पर काम कर रहे हैं। जब कोई ग्राहक बीसी आउटलेट पर जाएगा, तो वह यूपीआई से क्यूआर कोड स्कैन करेगा। ग्राहक के खाते से उतनी रकम डेबिट हो जाएगी। उतनी ही रकम बीसी के खाते में क्रेडिट हो जाएगी। उसके बाद बीसी ग्राहक को नकद कैश दे देगा।*

### बीसी कौन होते हैं

ये छोटे-छोटे केंद्र या लोग होते हैं जो अक्सर दूरदराज या बैंकिंग सुविधाओं से वंचित इलाकों में रहते हैं और बैंक शाखाओं का एक्सटेंशन बनकर काम करते हैं। यानी ये लोगों को बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं पहुंचाने में मदद करते हैं। बता दें कि एनपीसीआई ने ही साल 2016 में यूपीआई को बनाया और लांच किया था।

### अभी कुछ चुनिंदा दुकानदारों से संभव

बता दें कि आज की तारीख में यूपीआई से कार्डलेस कैश निकासी सिर्फ उन्हीं एटीएम (जो यूपीआई-एनेबल हैं) या कुछ चुनिंदा दुकानदारों से ही संभव है। वहां भी एक सीमा है। जैसे कि शहरों और कस्बों में हर ट्रांजैक्शन पर सिर्फ 1,000 रुपए तक नकद मिल सकता है। ग्रामीण इलाकों में यह सीमा 2,000 रुपए तक है। अब योजना बनाई जा रही है कि इस सुविधा को पूरे देश के 20 लाख से ज्यादा बिजनेस करेसपॉन्डेंट्स (बीसी) तक फैलाया जाए।

## वित्त मंत्री ने जारी की नीति आयोग की रिपोर्ट

# नियामकीय उपायों से नवोन्मेषण को बढ़ावा मिलना चाहिए : सीतारमण

**एआई की अपनी चुनौतियां भी हो सकती है**

**सरकार जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को ऐसे नियामकीय उपायों की जरूरत पर जोर दिया, जो तकनीकी नवोन्मेषण, विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें, न कि उसे हतोत्साहित करें। उन्होंने नीति आयोग की रिपोर्ट 'विकसित भारत के लिए एआईः तेज आर्थिक वृद्धि के अवसर' जारी करते हुए यह बात कही।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''हम ऐसे नियामकीय उपाय नहीं चाहते हैं, जो सचमुच तकनीक को ही खत्म कर दें। हम ऐसे नियमन चाहते हैं जो जिम्मेदार अनुप्रयोग को बढ़ावा दें।''

### चुनौतियां सिर्फ नौकरियों में ही नहीं

सीतारमण ने कहा, ''एआई तेजी से बढ़ रही हमारे वक्त की सच्चाई है। इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें, क्योंकि एआई की अपनी चुनौतियां भी हो सकती हैं।'' सीतारमण ने आगे कहा कि चुनौतियां सिर्फ नौकरियों में ही नहीं हैं, बल्कि इस बात को लेकर भी हैं कि इनका दुरुपयोग कैसे रोका जाए।

### एआई को काबू में रखना आना चाहिए

*वित्त मंत्री ने कहा, ''भारत एक ऐसा देश है, जो किसी भी आने वाली अच्छी चीज को समझ सकता है, लेकिन कोई भी अच्छाई पूरी तरह अच्छी नहीं होती। कोई भी अच्छाई बिना शर्त नहीं होती। हमें इसका इस तरह इस्तेमाल करना चाहिए कि यह आम आदमी के हित में हो।'' उन्होंने कहा कि एआई एक ऐसी चीज है, जिसे हमें अपने काबू में रखना आना चाहिए और इसे आम आदमी की भलाई के लिए काम करना चाहिए।*

**कहा, एआई को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें**

### पीएम के मार्गदर्शन में आई तेजी

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में एआई और इससे जुड़े मामलों में तेजी आई है और नीति आयोग इस संबंध में मजबूती से आगे बढ़ रहा है।



### एआई से शहरी क्षेत्रों को बेहतर बनाने की योजना

सीतारमण ने कहा कि एआई मौजूदा शहरी क्षेत्रों को बेहतर बनाने और नए शहरी केंद्रों की योजना बनाने के लिए समाधान खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत के सभी जिलों में एआई-समर्थित प्रौद्योगिकी को अपनाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, ''मैं चाहूंगी कि सभी जिले नवाचार और वृद्धि की कहानी बनकर उभरें।'



### एआई की कई नई भूमिका तैयार


रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर एआई कई नई भूमिकाएं तैयार करेगा, वहीं दूसरी ओर यह कई मौजूदा नौकरियों को भी विस्थापित भी करेगा। विशेष रूप से लिपिकीय और निम्न कौशल वाले क्षेत्रों में ऐसा होगा। उन्होंने एक संतुलित दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यक निगरानी सुनिश्चित करते हुए नवाचार को बढ़ावा देना है। इससे बहुत अधिक नियमन को रोकने में मदद मिलती है।

### हम नैतिकता से पीछे न हटें

वित्त मंत्री ने कहा कि एआई तेजी से प्रगति कर रहा है और इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें। उन्होंने कहा कि अगर प्रौद्योगिकी तेजी से आगे बढ़ रही है, तो नियमन भी तेजी से होना चाहिए।

## चांदी 300 रुपये बढ़कर नए शिखर पर, सोना रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला

- चांदी बढ़कर 1,32,300 रुपये प्रति किलो के नए शिखर पर
- सोना में 500 रुपए की आई गिरावट



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि सोना अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से 500 रुपये घट गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला मानक सोना सोमवार को 500 रुपये गिरकर 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जिससे इसकी चार दिनों की बढ़त का सिलसिला टूट गया। शुक्रवार को यह 700 रुपये बढ़कर 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसके साथ ही 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये की गिरावट के साथ 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, चांदी 300 रुपये बढ़कर 1,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को यह 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

**NOTICE**

I, Amar Jeet Singh S/o Shri Dharampal R/o Village Padha, District Karnal (Haryana), declare that my name has previously been written and recorded as "Amar Jeet Singh." I have now changed/will henceforth write my name as "Amarjeet Singh" (without space in between). In future, I shall be known and recognized in all educational, social, governmental, financial, and other records only by the name "Amarjeet Singh."

## मुनाफावसूली से शेयर बाजार में आई गिरावट

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 119 अंक के नुकसान में रहा और एनएसई निफ्टी में भी आठ कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले आईटी तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गयी और यह 118.96 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,785.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 44.80 अंक की गिरावट के साथ 25,069.20 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, निवेशकों को इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों का इंतजार है।




## हमारा लक्ष्य वैश्विक ऑटोमोबाइल विनिर्माण में पहला स्थान हासिल करना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित 'सेव इंटरनेशनल 2025 वैल्यू समिट' में कहा कि भारत अब जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाज़ार बन गया है और सरकार अगले पांच वर्षों में इसे पहले स्थान पर लाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख वैश्विक ऑटोमोबाइल ब्रांड अब भारत में मौजूद हैं, जिनका ध्यान केवल असेंबलिंग करने से हटकर भारत से पूरे विश्व में वाहन निर्यात पर केंद्रित हो गया है। गडकरी ने कहा कि भारत का दोपहिया क्षेत्र ही अपने उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक निर्यात करता है, जो वैश्विक स्तर पर देश की बढ़ती वाहन उपस्थिति दर्ज कर रहा है। गडकरी ने स्वच्छ परिवहन के मुद्दे पर इलेक्ट्रिक वाहनों, हाइड्रोजन ईंधन और वैकल्पिक ईंधनों में भारत की अग्रणी भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही हाइड्रोजन ट्रक लॉन्च कर दिए हैं और दस मार्गों पर पायलट परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य हरित परिवहन में वैश्विक नेतृत्व स्थापित करना है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स, अशोक लीलैंड, रिलायंस और इंडियन ऑयल जैसी कंपनियों के सहयोग से, सरकार ने हाइड्रोजन बुनियादी ढांचे को तीव्रता से आगे बढ़ाने के लिए 600 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। उन्होंने आइसोब्यूटानॉल और बायो-बिटुमेन जैसे नए ईंधन विकल्पों की प्रगति का भी उल्लेख किया, जिनका अभी सक्रिय परीक्षण चल रहा है। गडकरी ने कहा कि भारत के सड़क बुनियादी ढांचे में भी परिवर्तनकारी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि भारत में अब विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क मौजूद है।

### जेडी केबल्स का आईपीओ बृहस्पतिवार को खुलेगा

**नई दिल्ली।** केबल और कंडक्टर बनाने वाली कंपनी जेडी केबल्स ने सोमवार को कहा कि उसका 95.99 करोड़ रुपये का आईपीओ 18 सितंबर को सार्वजनिक अभिदान के लिए खुलेगा।

**NOTICE**

I, Dharam Pal S/o Shri Rulia Ram R/o Village Padha, District Karnal (Haryana) declare that my name was previously written as "Dharam Pal" (with a space in between). I have now changed/will henceforth write my name as "Dharmapal" (without any space in between). In the future, I shall be known and recognized in all educational, social, governmental, financial, and other records only by the name "Dharmapal."

**(REMINDER-II) COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Ravleen Kaur, Civil Judge (Junior Division), Rohtak
Canara Bank
Vs.
Hukam Singh S/o Chhotu Ram
CNR No. HRRH02-000023-2022
Next Date : 23.09.2025
**It is therefore, prayed that the recovery amount with interest be passed in favour of plaintiff**
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Sunita W/o Nirmal :- H.No. 788/2, Pardhana Mohalla, Rohtak**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **23.09.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Rohtak
Dated, this day of 04.09.2025

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**
सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## कश्मीर से आदर्श नगर दिल्ली के लिए पार्सल कार्गो ट्रेन आज हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने जम्मू मंडल के कश्मीर घाटी के बड़गाम रेलवे स्टेशन से आदर्श नगर दिल्ली के लिए 08 पार्सल वैन कोच रैपिड कार्गो ट्रेन (प्रत्येक कोच की भार क्षमता 23 टन) चलाने की घोषणा की थी। आज बड़गाम से इस कार्गो पार्सल ट्रेन को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने श्रीनगर रेलवे स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्घाटन समारोह में जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री श्री जावीद अहमद डार, रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य डॉ. मनोज सिंह, जम्मू के मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक कुमार, जम्मू के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री उचित सिंघल, कश्मीर घाटी के रेलवे क्षेत्र के मुख्य प्रबंधक श्री साकिब यूसुफ, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय व्यापारिक समुदाय के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस ऑर्केस्ट्रा बैंड ने मुख्य अतिथि के स्वागत में देशभक्ति की धुनें बजाईं, जिससे उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ी और माहौल राष्ट्रीय भावना से भर गया। उद्घाटन समारोह के दौरान अपने संबोधन में, उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने कहा, हमें इस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, जो क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान देगी।


**दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)**

**ई-निविदा सूचना**

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिष्ठित एवं अनुभवी टेकेदारों को निम्नलिखित जॉब्स/सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है - 1) ऑक्सीजन गैस, 2) आयरन एवं स्टील, 3) लाइम एवं सल्फर शिफ्टिंग वर्क, 4) यूजीआर, रिजर्वेयर और सर्विस टैंक्स का क्लीनिंग और वॉशिंग कार्य। विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल- http://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 24.09.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं 24.09.2025 को पूर्वा. 9.30 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 24.09.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद/बिक्री और जॉब वर्क सरकारी नीति के अनुरूप किए जाएंगे। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/- प्रबंध निदेशक
संवाद-1039/11/100/2026/38708/सी/88/6 दि. 15.09.25

## शब्द पहेली - 5990




**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-5989 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | य | ह | ज | नी | | फि | स | ल | ना | |
| अ | | क | हा | र | | त | न | य | | बु |
| ह | क | | न | व | | र | म | | फ | न |
| म | म | ता | | ता | क | त | | चा | त | क |
| क | र | त | ब | | म | | त | ल | वा | र |
| | | | ल | ह | र | दा | र | | | |
| ला | व | ज | मा | | बं | | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | | म | द | द | | म | ग | न |
| वा | न | | क | न | | ह | म | | न | म |
| ब | | त | म | स | | ली | ट | र | | त |
| | मे | ह | रा | ब | | ज | र | ब | फ्त | |



सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः लिया संज्ञान

# हिमाचल में अनियंत्रित विकास चिंतनीय, ऐसे तो नक्शे से गायब हो जाएगा

## पर्यावरण नुकसान पर चिंता जताई, फैसला 23 सितंबर को आएगा फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश में अनियंत्रित विकास से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सोमवार को मामले में सुनवाई की। अदालत ने फिलहाल अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में 23 सितंबर को आदेश पारित किया जाएगा।कोर्ट ने कहा कि इस मामले की सुनवाई के समय हिमाचल में एक और भयावह पर्यावरणीय घटना हुई, जो चिंता का विषय है। कोर्ट की ओर से नियुक्त एमिकस क्यूरी ने सुझाव दिया कि इस मामले का दायरा बहुत व्यापक है, इसलिए एक समिति गठित की जा सकती है, जो इसके विभिन्न पहलुओं की गहन जांच करे।



### राज्य सरकार ने रिपोर्ट दाखिल की

अपने जवाब में राज्य सरकार को बताना था कि उसने पर्यावरण संरक्षण के लिए क्या कदम उठाए हैं और भविष्य को लेकर क्या योजना है। सोमवार को राज्य सरकार ने कोर्ट के निर्देश के अनुसार रिपोर्ट दाखिल की है। हिमाचल प्रदेश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, ग्लेशियरों का 5वां हिस्सा गायब हो चुका है, जिससे नदियों का तंत्र प्रभावित हुआ है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन का पहाड़ों की सुरक्षा पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है।

### कोर्ट ने मांगा था हलफनामा

कोर्ट ने कहा था कि जलवायु परिवर्तन का राज्य पर 'स्पष्ट और चिंताजनक प्रभाव' पड़ रहा है।कोर्ट ने चेतावनी दी थी कि अगर अनियंत्रित विकास इसी तरह जारी रहा तो हिमाचल प्रदेश एक दिन नक्शे से गायब हो सकता है। राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर पर्यावरण संरक्षण पर हलफनामा मांगा था।

### पर्यावरणीय परिस्थितियों पर करेंगे आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह हिमाचल प्रदेश में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय परिस्थितियों से संबंधित मुद्दों पर स्वतः संज्ञान मामले में 23 सितंबर को अपना आदेश पारित करेगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने हिमाचल प्रदेश की ओर से पेश वकीलों से कहा, 'आदेश के लिए 23 सितंबर को सूचीबद्ध करें। हम सभी बातों का सारांश प्रस्तुत करने के बाद आपको एक संक्षिप्त आदेश देंगे, ताकि आपको विशिष्ट निर्देश मिल सकें।'

पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी

# शीर्ष कोर्ट 26 सितंबर को करेगा फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले में 26 सितंबर को आदेश पारित करेगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यह मुद्दा निगरानी का है। इससे पहले 4 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें कहा गया था कि पिछले आठ महीनों में राजस्थान में पुलिस हिरासत में 11 मौतें हुईं। कोर्ट ने नोट किया था कि रिपोर्ट के अनुसार इनमें से सात घटनाएं उदयपुर संभाग में ही हुईं।

### 2018 में पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का दिया था आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने केंद्र को सीबीआई, ईडी और एनआईए सहित एजेंसियों के कार्यालयों में कैमरे लगाने को कहा था।

### राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिए थे अहम निर्देश

कोर्ट ने कहा था कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक पुलिस स्टेशन, सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं, मुख्य द्वार, लॉक-अप, गलियारों, लॉबी और रिसेप्शन के साथ-साथ लॉक-अप रूम के बाहर के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

### हिमाचल के महाधिवक्ता ने दी जानकारी

हिमाचल के महाधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ता ने पीठ को इस मामले में राज्य द्वारा दायर एक रिपोर्ट के बारे में बताया। न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने कहा कि राज्य द्वारा वृक्षावरण सहित कई पहलुओं को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कोटखाई में बड़ा सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत

**कोटखाई।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के कोटखाई क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। कोटखाई रामनगर के खोला कैंची के पास पिकअप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई है। बताया जा रहाहै कि इस हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक घायल ने अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में दम तोड़ दिया। 2 घायल हैं।



### आनंदविहार जा रही ट्रेन पर सिंभावली में पथराव

**न्यूजलपाईगुड़ी।** यहां से चलकर मुरादाबाद होते हुए आनंदविहार जा रही एक्सप्रेस ट्रेन पर सिंभावली स्टेशन के पास पथराव हो गया। (12523) सुपरफास्ट एक्सप्रेस की बोगी में सवार यात्रियों ने इसकी सूचना एक्स पर पोस्ट की। इसके बाद रेलवे कंट्रोल और आरपीएफ की टीम अलर्ट हो गई। यात्रियों ने लिखा कि सिंभावली के पास ट्रेन पर पथराव हुआ है।



### हवाई अड्डों पर अधिक आव्रजन काउंटर खोलें

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर प्रतीक्षा समय कम करने के लिए पर्याप्त संख्या में आव्रजन काउंटर खोलने और अधिकारियों को 24 घंटे तैनात करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम आगामी त्योहारों और पर्यटक सीजन में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उठाया गया है। पिछले सप्ताह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।

### पूजा के घर से मिला 'अगवा' ट्रक चालक, मां को समन

**मुंबई।** पूजा खेड़कर वही बर्खास्त आईएएस हैं, जिन पर विकलांगता कोटे का गलत तरीके से लाभ लेने का आरोप लगा था। उनकी नौकरी चली गई। अब वह एक बार फिर से विवादों में आ गई है और उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। नवी मुंबई पुलिस ने रविवार को एक ट्रक चालक को, (जिसका कथित तौर पर रोड रेज के बाद अपहरण कर किया था) पूजा के पुणे स्थित आवास से छुड़ाया और मामला दर्ज किया है।

## पीएम मोदी ने पूर्णिया हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का किया उद्घाटन

# घुसपैठियों को जाना होगा बाहर, कांग्रेस व राजद राज्य के सम्मान के लिए खतरा बने

### विपक्ष यहां का विकास पचा नहीं पा रहा, बीड़ी से कर रहा तुलना

एजेंसी ▶▶ पूर्णिया

पीएम मोदी ने करीब 40 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसमें मखाना बोर्ड की स्थापना सबसे प्रमुख है। इसके बाद पूर्णिया एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद 4 ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं पूर्णिया की गरीब महिलाओं को आवास योजना के तहत घर की चाबी भेंट की। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि मैं इन लोगों को एक बात अच्छी तरह समझाना चाहता हूं कि राजद और कांग्रेस की जमात कान खोलकर सुन लो, जो भी घुसपैठिया है, उसे बाहर जाना ही होगा। घुसपैठ पर ताला लगाना, एनडीए की पक्की जिम्मेदारी है। जो घुसपैठियों को बचा रहे हैं, मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि आप कितनी भी ताकत लगा लो अब हम उन्हें घुसने नहीं देंगे। भारत में घुसपैठियों की मनमान नहीं चलेगी। यह मोदी की गारंटी है । कांग्रेस और राजद के लोग घुसपैठियों की वकालत कर रहे हैं। यह लोग घुसपैठियों के लिए नारे लगा रहे हैं। राजद की सरकार में माताएं-बहनें परेशान थीं। वह डरी हुई थीं।

### विपक्ष को केवल अपने परिवार की चिंता हम बना रहे 'लखपति दीदी'




जीएसटी घटाई

आज डबल इंजन की सरकार में वे लखपति दीदी बन रही है। जीविका दीदी आज पूरे देश के लिए प्रेरणा है। पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस को केवल अपने परिवार की चिंता है। यह लोग कभी आपकी चिंता नहीं करेंगे। लेकिन, मोदी के लिए आप ही परिवार हो। इसलिए मोदी कहता है सबका साथ सबका विकास। आने वाले दिनों में कई पर्व और त्योहार आने वाले हैं। इस बार हमारी सरकार ने गरीबों के लिए बहुत बड़ा उपहार दिया है। आज से ठीक हफ्ते बाद नवरात्र का त्योहार आएगा। और, 22 सितंबर से जीएसटी कम हो जाएंगी।

### राजद की सहयोगी कांग्रेस को बिहार से लेना-देना नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार का विकास कांग्रेस और राजद वालों को पच नहीं रहा है। कुछ दिन पहले ही राजद की सहयोगी कांग्रेस पार्टी बिहार की तुलना बीड़ी से कर रही है। ये केवल अपनी तिजोरियां भर रहे हैं। ऐसे लोग बिहार का विकास कैसे कर सकते हैं? कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने माना कि दिल्ली से चला हुआ 100 पैसा में से 85 पैसा रास्ते में ही रह जाता है। पहले लालटेन जलाकर पंजा सारा पैसा रख लेता था। कांग्रेस और राजद को विकास से कोई लेना देना नहीं है।

### इंजीनियर विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाते रहेंगे : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंजीनियर दिवस के अवसर पर प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों को बधाई दी और कहा कि वे "विकसित भारत" के निर्माण के सामूहिक प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। ® यह दिन इंजीनियरों के योगदान के प्रति सम्मान के रूप में मनाया जाता है और साथ ही प्रसिद्ध सिविल इंजीनियर एवं प्रशासक एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है। ® मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "आज इंजीनियर दिवस पर मैं सर एम. विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिनकी प्रतिभा ने भारत के इंजीनियरिंग परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। मैं उन सभी इंजीनियरों को हार्दिक बधाई देता हूं, जो अपनी रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प के माध्यम से नवाचार को आगे बढ़ा रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों में कठिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।' "हमारे इंजीनियर विकसित भारत के निर्माण के सामूहिक प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।"

### पीएम मोदी ने लोगों से माफी मांगी

इसके बाद उन्होंने मैथिली में लोगों को प्रमाण कहा। कहा कि मैं आप सबसे क्षमा मांगता हूं कि कोलकाता में मेरे कार्यक्रम के कारण मुझे पूर्णिया आने में देर हुई।

### 40 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण किया

पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां बिहार के विकास के लिए करीब 40 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि रेल, एयरपोर्ट, बिजली, पानी से जुड़ी ये परियोजनाएं सीमांचल के सपनों को पूरा करने का माध्यम बनेंगी।

### 4 करोड़ लोगों को दिए मकान

पीएम मोदी ने कहा कि बेघर भाइयों और बहनों को पक्का घर मिलेगा। हमारी सरकार ने 11 साल में 4 करोड़ से ज्यादा पक्के घर बनाकर लोगों को दिए हैं।

### पीएम मोदी के साथ मंच पर सांसद पप्पू यादव, हाथ जोड़कर किया प्रणाम



पूर्णिया एयरपोर्ट के उद्घाटन के दौरान एक अलग तस्वीर देखने को मिली। कार्यक्रम एनडीए का है, लेकिन मंच पर सांसद पप्पू यादव भी दिखे। मंच पर जब प्रधानमंत्री पहुंचे तो उनका स्वागत हुआ। इसके बाद जब वे अपने स्थान पर बैठ गए तो पीछे से आकर यादव ने प्रधानमंत्री को प्रणाम किया. प्रधानमंत्री ने भी हाथ जोड़कर प्रणाम किया।

नवाचार और विज्ञान की दिशा में उपलब्धि

# मेगा टिंकरिंग डे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल

अटल इनोवेशन मिशन का सम्मान




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में नवाचार और विज्ञान की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम ) ने मेगा टिंकरिंग डे 2025 को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। इस दिन देशभर के लाखों छात्रों ने एक साथ प्रयोग और नवाचार गतिविधियों में भाग लिया, जिससे यह आयोजन एक ही दिन में सबसे अधिक छात्रों की भागीदारी का रिकॉर्ड बन गया। इस उपलब्धि को आधिकारिक रूप से इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। यह पूरे देश के लिए एक प्रकार की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

- देश- विदेश के नामी गिनामी प्रतिभागी आए

### स्वच्छ भारत थीम पर समाधान दिखाया

12 अगस्त को आयोजित मेगा टिंकरिंग डे पर 9,467 अटल टिंकरिंग लैब (एटीएएल ) स्कूलों से 4,73,350 छात्रों ने हिस्सा लिया। इन छात्रों ने लाइव ऑनलाइन सत्र के माध्यम से स्वच्छ भारत थीम पर समाधान तैयार किए और खुद का वैक्यूम क्लीनर बनाया। 15 सितंबर को दोनों रिकॉर्ड संस्थानों ने इस उपलब्धि की पुष्टि की। अटल इनोवेशन मिशन के निदेशक दीपक बगला ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन से मेल खाती है, जिसमें युवा शक्ति और नवाचार देश की प्रगति की मुख्य आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्ड भारत के शहरों, गांवों और सीमावर्ती क्षेत्रों से आए छात्रों की सामूहिक ऊर्जा और रचनात्मकता को दर्शाता है।

### देशभर के स्कूलों ने लिया भाग

इस आयोजन में देशभर के स्कूलों ने भाग लिया, जिनमें लेह, लद्दाख, कारगिल, कश्मीर, आकांक्षी जिला विरुधुनगर और मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, कन्याकुमारी तथा भुज जैसे सुदूर क्षेत्र शामिल रहे। अटल इनोवेशन मिशन अब तक देशभर में 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित कर चुका है। इन लैब्स के माध्यम से छात्रों को 3डी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (एलओटी ) और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का अनुभव मिल रहा है। इसके साथ ही, यह पहल बच्चों को डिजाइन थिंकिंग और समस्या समाधान की दिशा में प्रोत्साहित कर रही है।

दिल्ली में कार चालक महिला गिरफ्तार

# वित्त मंत्रालय के अफसर की टक्कर में हो गई थी मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली छावनी मेट्रो स्टेशन के पास बीएमडब्ल्यू कार हादसे में जान गंवाने वाले वित्त मंत्रालय के अफसर नवजोत सिंह की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। कार की ड्राइवर गगनप्रीत कौर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक जैसे ही हादसे की आरोपी महिला को अस्पताल से छुट्टी मिली, पुलिस ने उसे अस्पताल से ही गिरफ्तार कर लिया।



### गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

पुलिस ने इस मामले में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में उप सचिव 52 साल के नवजोत सिंह की रविवार दोपहर हुई दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के वक्त हरि नगर निवासी पति-पत्नी बंगला साहिब गुरुद्वारे से घर लौट रहे थे।उनके बेटे ने आरोप लगाया है कि उनके पिता को 20 किमी दूर स्थित अस्पताल ले गए।

अमृतसर और गुरदासपुर में बाढ़ पीड़ितों से मिले राहुल

# बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को पंजाब में अमृतसर और गुरदासपुर जिलों के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों से बातचीत की। इस दौरान राहुल के साथ पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा, अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला, गुरदासपुर के सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा और पार्टी के अन्य नेता भी थे। अमृतसर पहुंचने के बाद राहुल गांधी अमृतसर के अजनाला स्थित घोनेवाल गांव गए और बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया। घोनेवाल गांव, अजनाला के उन कई इलाकों में से एक है जो बाढ़ के पानी से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।



### गुरुद्वारे में मत्था टेका

राहुल बाढ़ प्रभावित कुछ लोगों के बीच बैठे और उनसे बातचीत की। घोनेवाल गांव का दौरा करने के बाद, राहुल गांधी ने अमृतसर के रामदास क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब में मत्था टेका। उन्होंने गुरुद्वारे में अरदास में भाग लिया। गुरुद्वारे में गांधी को एक सिरोपा (सम्मान स्वरूप वस्त्र) भेंट किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी भी मौजूद थे।

# एग्जीबिशन में बोले गोयल, भारत की विकास यात्रा में गुणवत्ता, स्थिरता पर कोई समझौता नहीं होगा



**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत अपनी विकास यात्रा में स्थिरता को एक मजबूत स्तंभ मानता है और उच्च गुणवत्ता वाले मानक ही किसी भी अर्थव्यवस्था की प्रगति की कुंजी होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा में स्थिरता पर कोई समझौता नहीं होगा। गोयल ने यह बात आईईसी (इंटरनेशनल इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन) जनरल मीटिंग और एग्जीबिशन के उद्घाटन समारोह में कही, जिसे भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा आयोजित किया गया। गोयल ने कहा कि भारत सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों के प्रति भी गहराई से प्रतिबद्ध है, जिसमें कचरे को कम करना और संसाधनों का संरक्षण शामिल है।उन्होंने बताया कि भारत में हजारों तकनीकी निकाय और समितियां विभिन्न क्षेत्रों के लिए मानक तय करती हैं। पहले इनके पालन को स्वैच्छिक रखा गया था, लेकिन समय के साथ क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर्स लागू करना जरूरी हो गया।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद डबवाली | एम.सी. मण्डी डबवाली में सभी वार्ड में आर.सी.सी. बैंच का प्रावधान व फिक्सिंग + 1 कार्य। | 08.09.2025 24.09.2025 | रु. 63,55,406/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 secymcdabwali@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/38728/I/88/6 दि. 15.09.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के मुख्य कार्यालय में एम.सी. कार्यालय चालक कक्ष का निर्माण + 1 कार्य। (पुनः आमंत्रण) | 12.09.2025 19.09.2025 | रु. 18.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में सुभाष चौक पर हाई मास्ट पोल और लाइट्स की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन + 1 कार्य (पुनः आमंत्रण)। | 13.09.2025 19.09.2025 | रु. 58.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम, रोहतक में शैड, चारदिवारी और सोलर प्लांट के साथ-साथ एनिमल डी-कम्पोजर सह इनसिनिरेटर का निर्माण। | 15.09.2025 29.09.2025 | – | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/38714/I/88/6 दि. 15.09.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | फतेहाबाद जिले में एमसी टोहाना के लीगेसी कचरे का एमसी भुना के एसडब्ल्यूएम प्लांट को हस्तांतरण + 4 कार्य (टोहाना)। | 08.09.2025 17.09.2025 | अनुमानित राशि रु. 148.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996614554 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/38725/I/88/6 दि. 15.09.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में गांव जमाल में राजकीय पशु चिकित्सालय के पुनर्निर्माण हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना)। | 12.09.2025 24.09.2025 | 33.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह, हरियाणा में विद्युत, अग्निशमन सेवाओं समेत डीजल जनरेटर (डीजी) सैट्स के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु निविदा। | 16.09.2025 13.10.2025 | ईएमडी 4.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | न्यू ईस्माईला माइनर के विभिन्न आरडी पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग पैच की मरम्मत + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.09.2025 | 14.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज करनाल | गांव स्टाउंडी ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन + 4 कार्य। | 13.09.2025 07.10.2025 | 197.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव भैणी खुर्द, ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में रिंकू पुत्र जीताराम के मकान से एमजीजीबीवाई कॉलोनी के अंत तक नाला के निर्माण हेतु आकलन, जैडपी + 4 कार्य। | 12.09.2025 23.09.2025 | 198.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव कुटैल, ब्लॉक घरौंडा, जिला करनाल (एचजीवीवाई) एचआरवाई में सामुदायिक केन्द्र (1-एकड़) का निर्माण + 2 कार्य। | 13.09.2025 26.09.2025 | 527.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी-गांव कोंकपुर, ब्लॉक अम्बाला-1 में डॉ. बीआर अम्बेडकर भवन के साथ लगते शैड का निर्माण + 1 कार्य। | 12.09.2025 18.09.2025 | 6.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज राजौंद | लोनिवि रोड से महिपाल पुत्र मान सिंह के मकान तक गली और ड्रेन की बड़ी मरम्मत। | 12.09.2025 17.09.2025 | 1.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/160/38731/I/88/6 दि. 15.09.25

## चिंतन

# अब नहीं हो पाएगा वक्फ की संपत्ति का दुरुपयोग

वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट का पूरी तरह से रोक लगाने से इनकार करने के साथ ही साफ हो गया कि एक बड़े फैसले पर मुहर लग गई है। हालांकि, कोर्ट ने कुछ प्रावधानों पर रोक भी लगाई है। इसके साथ ही सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने साफ शब्दों में कहा कि पूरे कानून पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं बनता, लेकिन कुछ धाराओं को संरक्षण दिए जाने की जरूरत है। वक्फ के पास भारत में 8.72 लाख एकड़ संपति है। यह संपति इतनी ज्यादा है कि सेना और रेलवे के बाद वक्फ सबसे अमीर संगठन है। 2009 में यह प्रॉपर्टी करीब 4 लाख एकड़ ही थी, जो अब दोगुनी हो चुकी है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने दिसंबर 2022 में लोकसभा में जानकारी दी थी जिसके अनुसार वक्फ बोर्ड के पास 8,65,644 एकड़ अचल संपतियां हैं। वक्फ की इन जमीनों की अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ से भी ज्यादा है। हालांकि ये सरकारी अनुमान है। असल में यह संपति बाजार भाव के हिसाब से इससे कहां ज्यादा की बताई जा रही है। अब वक्फ संशोधन कानून में यह प्रावधान रहेगा जो सरकार की ओर से नियुक्त अधिकारी को यह निर्धारित करने का अधिकार देता है कि क्या वक्फ संपत्ति ने सरकारी संपत्ति में अतिक्रमण किया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड में गैरमुस्लिम को सीईओ नियुक्त करने संबंधी संशोधन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही यह निर्देश दिया कि जहां तक संभव हो वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुस्लिम होना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के उस प्रावधान पर भी रोक लगाई, जिसमें वक्फ बनाने के लिए किसी व्यक्ति का 5 वर्षों तक इस्लाम का अनुयायी होना आवश्यक बताया गया था। यह प्रावधान तब तक स्थगित रहेगा, जब तक राज्य सरकारें यह तय करने के लिए नियम नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति इस्लाम का अनुयायी है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि कलेक्टर को व्यक्तिगत नागरिकों के अधिकारों का निर्णय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। जब तक ट्रिब्यूनल द्वारा निर्णय नहीं हो जाता, तब तक किसी भी पक्ष के विरुद्ध किसी तीसरे पक्ष का अधिकार निर्मित नहीं किया जा सकता। कलेक्टर को ऐसी शक्तियां देने वाले प्रावधान पर रोक रहेगी। हम यह भी मानते हैं कि वक्फ बोर्ड में 3 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं हो सकते और कुल मिलाकर 4 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि किसी भी कानून की संवैधानिक वैधता का आकलन उसके पक्ष में ही होता है। केवल दुर्लभ मामलों में ही पूरे कानून पर रोक लगाई जा सकती है। दरअसल, याचिकाकर्ताओं ने इस पूरे कानून को ही रद करने की मांग की थी। मगर, सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अब इस्लामी वक्फ बोर्ड के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। शीर्ष अदालत ने एक तरह से इस कानून के जरिये पुराने वक्फ का अंत ही कर डाला है। अब याचिकाकर्ताओं के पास हाथ मलने के सिवा कोई विकल्प नहीं है। सरकार ने शुरुआत से ही साफ कर दिया था कि वक्फ संशोधन अधिनियम का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना व संपति का दुरुपयोग रोकना है। भारत जैसे बड़े देश में जमीन के एक-एक इंच का उचित उपयोग होना चाहिए। संशोधन लागू होने के बाद वक्फ बोर्ड मनमाने ढंग से किसी भी गांव को वक्फ संपति घोषित नहीं कर कर पाएगा, लेकिन कुछ लोग इसे लेकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे थे। अब सुप्रीम मुहर लगने पर बाद ऐसे मनसूबों पर पानी फिर गया है।

# विद्रोह की पड़ताल आवश्यक



नेपाल
अवधेश कुमार

आप देखेंगे कि पिछले काफी समय से नेपाल में अलग-अलग किस्म के आंदोलन चलाते रहे हैं, जिनमें नेपाल को फिर हिंदू राष्ट्र घोषित करने तथा राजशाही की पूर्ण वापसी प्रमुख था। इनकी रैलियों में हजारों लोग आने लगे। केपी शर्मा होली ने राजा ज्ञानेंद्र की गतिविधियों को रोकने की कोशिश की तथा आंदोलन में हुए तोड़फोड़ के लिए उन पर 7 करोड़ 93 लाख का जुर्माना भी लगाया। मधेसी आंदोलन ने सदियों से उपेक्षित यहां तक की नागरिकताविहीन व्यक्तियों के दमन को आवाज दी किंतु अधिकतर मधेस नेता भी राजनीतिक स्वार्थ एवं निजी लाभ के वशीभूत एकजुट नहीं रह सके। उन्होंने भी निराश किया।

नेपाल में उथल-पुथल के बीच सुशीला कार्की ने अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। किंतु इसके पूर्व तीन दिनों में नेपाल जिस अकल्पनीय हिंसा, उथल-पुथल और हृदयविदारक घटनाओं से गुजरा उसने सबको डराया है। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के विरुद्ध जेन जी के बैनर से जारी विरोध प्रदर्शन कितना उग्र, हिंसक, अराजक और अनेक मायनों में आपराधिक हुआ। ऐसा लगता था जैसे उग्र भीड़ नेपाल की राजनीति और सत्ता से संबंधित हर चीज नष्ट करना चाहती हो। संसद भवन, प्रधानमंत्री आवास, राष्ट्रपति आवास और उच्चतम न्यायालय जला देना, मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, नेताओं के घरों में घुसकर, खींच-खींच कर सड़कों पर दौड़ा - दौड़ा कर पीटना और महिलाओं को भी नहीं बख्शना किसी आंदोलन का पर्याय नहीं हो सकता। पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ खनाल की पत्नी को जलाया गया। शेर बहादुर देउबा की पत्नी विदेश विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा की बेरहमी पिटाई वाकई हृदयविदारक थी। लगता था जैसे भीड़ किसी भी नेता को नेपाल की धरती पर साक्षात सहन करने को ही तैयार नहीं थी। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को सेना ने हेलिकॉप्टर से बचाकर निकाला। नेताओं के व्यक्तिगत घर भी जला डाले गए। केवल सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के कारण इस तरह का हिंसक विरोध, जिसने उग्र अराजकता की सीमाएं पार कर दिया गले नहीं उतरता।

जरा सोचिए, 28 अगस्त को नेपाल सरकार ने 26 सोशल मीडिया साइट को प्रतिबंधित किया जिन्होंने वहां रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था और 3 सितंबर को आंदोलन आरंभ हो गया। ठीक है कि सोशल मीडिया नई पीढ़ी और सक्रिय लोगों के जीवन में इतना पैठ बना चुका है कि प्रतिबंध सामान्य तौर पर स्वीकार नहीं हो सकता। नेपाल में सोशल मीडिया के माध्यम से 12 अरब डॉलर माह से ज्यादा का कारोबार हो रहा है। नई पीढ़ी रील बनाने से लेकर अन्य वीडियो आदि से भारी कमाई कर रही है। सोशल मीडिया भुगतान का भी जरिया बन गया है।

तो नेपाल में इसका प्रतिबंधित होना आसानी से स्वीकार नहीं हो सकता था। सरकार का कहना था कि सोशल मीडिया के माध्यम से देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाया जा रहा था, सांप्रदायिक घृणा भी फैलाई जा रही थी। इसलिए इनका नियमन करना जरूरी है। उच्चतम न्यायालय ने निबंधन की बात कही थी कि जिसका आधार बनाकर सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन उग्र विरोध को देखते हुए सरकार ने प्रतिबंध भी हटा लिया। अगर केवल इसका प्रतिबंध विरोध का कारण होता तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। पहले दिन ही विरोध प्रदर्शन के बीच 21 लोगों की मृत्यु आग में घी डालने वाला साबित हुआ, इतनी बड़ी संख्या में किसी आंदोलन में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से मृत्यु हो तो गुस्सा, उत्तेजना पैदा होना स्वाभाविक था। बावजूद ऐसी हिंसा, हर विचारधारा की राजनीति और नेताओं को संपूर्ण नष्ट करने की सीमा तक अभियान चलाना किसी दृष्टिकोण से सामान्य नहीं था।

हाल के समय में जहां भी इस तरह की घटनाएं हुई हमने आधार कारणों का विश्लेषण करते हुए प्रकारांतर से उन्हें न्यायसंगत ठहराने की कोशिश की है। नेपाल के संदर्भ में भी नेताओं के भ्रष्टाचार, उनके बच्चों का



विलासितापूर्ण जीवन, राजनीतिक अस्थिरता आदि को इसके पीछे प्रमुख कारण बताया गया। यह तो नहीं कह सकते कि नेपाल में असंतोष और विरोध के कारण नहीं थे। 2006 में माओवादियों के शांति समझौते के बाद 2008 में राजशाही के अंत के साथ आरंभ संसदीय लोकतंत्र का प्रयोग नेपाल में अनेक विद्रूपताओं का शिकार हुआ। 2008 से एक नया दौर आरंभ हुआ तो 2015 में फिर नए संविधान के साथ नेपाल ने कदम आगे बढ़ाया। किंतु 17 वर्षों में 14 सरकारों के आने- जाने से बड़ा प्रमाण राजनीतिक अस्थिरता का क्या हो सकता था। हथियार के दबाव में परिवर्तन लाने वाले पुष्पकमल दहल प्रचंड तीन बार प्रधानमंत्री बने तो कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाल के केपी शर्मा ओली तथा कांग्रेस के शेर बहादुर भी इतनी ही बार।

आप देखेंगे कि पिछले काफी समय से नेपाल में अलग-अलग किस्म के आंदोलन चलते रहे हैं जिनमें नेपाल को फिर हिंदू राष्ट्र घोषित करने तथा राजशाही की पूर्ण वापसी प्रमुख था। इनकी रैलियों में हजारों लोग आने लगे। नेपाल के ज्यादातर जिलों में इनकी रैलिया हुईं और हजारों लोगों की इनमें भागीदारी थी। केपी शर्मा होली ने राजा ज्ञानेंद्र की गतिविधियों को रोकने की कोशिश की तथा आंदोलन में हुए, तोड़फोड़ के लिए उन पर 7 करोड़ 93 लाख का जुर्माना भी लगाया। मधेसी आंदोलन ने सदियों से उपेक्षित यहां तक की नागरिकता विहीन व्यक्तियों के दमन को आवाज दी किंतु अधिकतर मधेस नेता भी राजनीतिक स्वार्थ एवं निजी लाभ के वशीभूत एकजुट नहीं रह सके। हाल में नेपाल में मुस्लिम तथा ईसाई समुदाय की बढ़ती आबादी के विरुद्ध भी असंतोष बढ़ा है। मुस्लिम आबादी तराई या मधेश के क्षेत्र में है और उसके कारण समाज में असहज स्थिति पैदा हुई है। 2008 की संविधान सभा सह संसद ने बिना घोषणा के हिंदू राष्ट्र का अंत कर नेपाल को सेक्युलर देश घोषित किया। इसमें बालेंद्र शाह जैसे रैपर तथा सूदन गुरुंग जैसे हामी नेपाल एनजीओ के संचालकों ने नई पीढ़ी को आकर्षित किया। उनकी लोकप्रियता बढ़ी। बालेंद्र शाह ने कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों को पराजित कर काठमांडू के मेयर का चुनाव जीता तथा 2023 में टाइम्स पत्रिका ने उन्हें विश्व के 100 प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल कर दिया। हालांकि इस बीच दुर्गा परसाई जैसे राष्ट्रीय प्रजातांत्रिक पार्टी के नेता भी उभरे जो संवैधानिक राजशाही की पुनर्स्थापना के समर्थक हैं। बेरोजगारी के कारण युवाओं का विदेशों में पलायन नेपाल के लिए आम बात थी। इस समय नेपाल के लोग दुनिया के अनेक कोने में है। वहां से प्रभावित हैं।

किंतु कई बार हम जल्दीबाजी में तात्कालिक घटनाओं की वास्तविक पृष्ठभूमि, उसके उसके पीछे की सोच, विचारधारा तथा इसके भावी डरावने प्रभावों का आकलन नहीं कर पाते। नेपाल अकेला देश नहीं है जहां राजनीति और सत्ता भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी हो और काफी हद तक प्रत्यक्ष दिखाई भी पड़ता हो। इस तरह की स्थिति इसके पूर्व दक्षिण एशिया में श्रीलंका तथा बांग्लादेश में ही पैदा हुई। बांग्लादेश की घटना के पीछे अमेरिका और तथा पाकिस्तान की प्रमुख भूमिका थी।

कहने का तात्पर्य इस तरह के विद्रोहों के पीछे ऐसी सोच, विचारधारा, योजना और तैयारी रही है जिसकी ओर हमारा स ध्यान नहीं जाता। आज भी स्थिति यह है कि अगर आप इस तरह के कृत्यों का तार्किक विरोध करें तो आपको उग्र प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान भारत के प्रति विरोध की भी अनेक घटनाएं सामने आई। साफ है कि नेपाल के पूरे घटनाक्रम के पीछे के कारणों की गहराई से पड़ताल करनी होगी। पूरे विश्व में विरोधों का जैसा चरित्र दिख रहा है उसी क्रम में ही इसे देखा जाना चाहिए।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व ओजोन दिवस
रोहित कौशिक



# ओजोन परत बचेगी तो ही धरती पर हम सब बचेंगे

आज विश्व ओजोन दिवस है। यह दिन हमें पर्यावरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बहुत कुछ सोचने के लिए प्रेरित करता है। दरअसल ओजोन परत की स्थिति में उतार-चढ़ाव होता रहता है। समय-समय पर ओजोन परत को लेकर विभिन्न अध्ययन सामने आते रहते हैं। कभी-कभी इन अध्ययनों में विरोधाभासी बातें भी सामने आती हैं। यानी कभी ओजोन परत की स्थिति में सुधार का शोध प्रकाशित होता है तो कभी ओजोन परत की स्थिति बदतर होने का शोध प्रकाशित होता है। ऐसी विरोधाभासी शोध हमें भ्रमित करते हैं। मूल बात यह है कि आज जिस तरह से पर्यावरण को हानि पहुंचायी जा रही है, वह ओजोन परत के लिए शुभ नहीं है।

पिछले कुछ दशकों में मानवीय गतिविधियों ने ओजोन परत को काफी नुकसान पहुंचाया है। कुछ समय पहले नासा और यूएस नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के वैज्ञानिकों ने यह बताया था कि आजोन छिद्र की स्थिति अब बेहतर हो रही है। यह छेद अंटार्कटिका के ऊपर स्थित है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुमान के अनुसार अंटार्कटिक आजोन परत 2066 के आस-पास 1980 के स्तर पर पहुंच जाएगी, जबकि बाकी दुनिया में 2040 और 2045 के बीच रिकवरी होगी। वहीं विभिन्न शोधों में यह बात सामने आई है कि 1997 के आसपास ओजोन क्षय की दर कम हो गई थी। वैज्ञानिकों ने इस सम्बन्ध में 25 साल के आंकडों का अध्ययन किया और इस नतीजे पर पहुंचे कि लगातार खराब होती जा रही ओजोन परत की स्थिति कुछ जगहों पर अब बेहतर है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ जगहों पर ओजोन परत की स्थिति में सुधार 1987 की अन्तर्राष्ट्रीय मांट्रियल संधि के कारण ही संभव हुआ है।

वैज्ञानिकों ने सत्तर के दशक में यह खोजा था कि ओजोन परत पतली हो रही है। 1980 के आसपास यह बहुत स्पष्ट हो गया था कि ओजोन परत का तेजी से क्षरण हो रहा है। विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों के द्वारा यह बात सामने आई कि क्लोरो फ्लोरो कार्बन नामक गैस ओजोन परत को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रही है। यह गैस मुख्यतः वातानुकूलन एवं प्रशीतन, रेफ्रिजिरेशन में काम आती है। इसके अतिरिक्त वातावरण में ऊंचाई पर उड़ने वाले जेट विमान भी क्लोरो फ्लोरो कार्बन छोड़ते हैं। इसलिए इस तरह की गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए 1987 में अन्तर्राष्ट्रीय मांट्रियल संधि को लागू किया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ जगहों पर ओजोन परत की सुधरती स्थिति इसी मांट्रियल संधि का नतीजा है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि मात्र क्लोरो फ्लोरो कार्बन ही ओजोन परत को नुकसान नहीं पहुंचाती है बल्कि कुछ अन्य कारक भी ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार होते हैं। सूर्य कंलक, सन स्पोट, ज्वालामुखी तथा मौसम जैसे कारक ओजोन परत का स्वरूप निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। नासा तथा कुछ विश्वविद्यालयों का मानना है कि आज कुछ जगहों पर ओजोन परत की बेहतर स्थिति के लिए क्लोरो फ्लोरो कार्बन के उत्सर्जन में कमी ही मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

ओजोन वातावरण के स्ट्रेटोस्फीयर भाग में धरती की सतह से ऊपर 15 किमी से लेकर 40 किमी तक की ऊंचाई में पाई जाती है। यह सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को सोखकर ऐसे विभिन्न रासायनिक तत्वों को बचाती है जो कि जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक होते हैं। जब वातावरण में आक्सीजन पराबैंगनी किरणों को सोखती हैं तो रासायनिक प्रक्रिया के द्वारा ओजोन का निर्माण होता है। ओजोन परत के क्षरण से सूर्य से निकलने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणें धरती पर पहुंचकर मनुष्यों, जानवरों, पेड़-पौधों तथा अन्य बहुत सारी चीजों को नुकसान पहुंचाती हैं। पराबैंगनी किरणों से त्वचा कैंसर,फेफडों का कैंसर, शरीर की प्रतिरक्षक प्रणाली का कमजोर होना ,आंखों के रोग, डीएनए का टूटना तथा सन बर्न जैसे रोग हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त ये किरणें पेंट एप्लास्टिक तथा सीमेंट जैसी चीजों के लिए भी हानिकारक सिद्ध होती हैं। सर्वप्रथम स्वीडन ने 23 जनवरी 1978 को क्लोरो फ्लोरो कार्बन वाले ऐरोसोल स्प्रे को प्रतिबन्धित किया था। इसके बाद कुछ अन्य देशों जैसे अमेरिका, कनाडा तथा नार्वे ने भी यही कदम उठाए। लेकिन यूरोपियन समुदाय ने इस तरह के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। यहां तक कि अमेरिका में भी प्रतिशीलन, रेफ्रीजेरेशन जैसे उद्देश्यों के लिए क्लोरो फ्लोरो कार्बन का उपयोग होता रहा। मांट्रियल संधि के बाद ही सभी देशों ने क्लोरो फ्लोरो कार्बन के उत्सर्जन को कम करने के लिए गंभीरता से सोचा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
**दर्शन**

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है। चतुर्थ आर्यसत्य दुख निरोध के अष्टांग मार्ग हैं-सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाक, सम्यक कर्मात, सम्यक आजीव, सम्यक व्यायाम, सम्यक स्मृति और सम्यक समाधि।

## अपने बल पर न इतराएं और न दूसरे को कमजोर समझें



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट कर्मचारियों को मिले उचित पेंशन

आजकल एक खबर सुर्खियों में है कि केंद्र सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कर्मचारी पेंशन योजना के तहत प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन में वृद्धि कर सकती है। अभी यह न्यूनतम पेंशन लगभग 1000 रुपए है। अगर सरकार इस पेंशन को लगभग 7500 रुपए कर देती है तो इससे करोड़ों लोगों को खुशी होगी और इससे इनकी बुढ़ापे में अपने खर्चे की टेंशन कुछ कम होगी। देश के हर कर्मचारी, चाहे वो सरकारी नौकरी का हो या निजी किसानों-संस्थान का, को पेंशन महंगाई के हिसाब से मिलनी चाहिए। 60 वर्ष के बाद तो किसी भी व्यक्ति में इतनी एनर्जी नहीं रह जाती कि वो अपने खर्चे पूरे करने के लिए और कोई नौकरी कर ले या काम धंधा कर ले। *- विवेक जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# ट्रंप के प्रतिबंधों से अमेरिका नहीं आ सकेंगे विदेशी छात्र



अफगानिस्तान में लड़कियों के कॉलेज जाने पर तालिबान की ओर से प्रतिबंध लगाए जाने के बाद बहारा सागरी नाम की युवती ने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अमेरिका जाने के बारे में सोचा। बहारा (21) ने कई वर्षों तक प्रतिदिन आठ घंटे तक अंग्रेजी का अभ्यास किया और आखिरकार उसे इलिनॉय के एक निजी लिबरल आर्ट्स कॉलेज में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई करने का प्रस्ताव मिला। बहारा इस साल अमेरिका पहुंचने की उम्मीद में थीं लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यात्रा प्रतिबंध के कारण उनका सपना एक बार फिर पूरा नहीं हो पाया। बहारा ने कहा, आपको लगता है कि आखिरकार आप अपने सपने की ओर बढ़ रहे हैं लेकिन फिर कुछ ऐसा होता है कि जैसे सब कुछ खत्म हो गया हो। ट्रंप प्रशासन ने 19 देशों के नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध लगाए हैं और इन प्रतिबंधों से हजारों विद्यार्थी प्रभावित हुए हैं, जिनमें से कई ऐसे भी हैं जो अमेरिका आने के लिए काफी समय और पैसा लगाने के बाद अब खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। कुछ विदेशी छात्र इस साल कॉलेजों में प्रवेश के प्रस्ताव मिलने के बावजूद नहीं आ पा रहे हैं क्योंकि वीजा प्रक्रिया के दौरान अतिरिक्त जांच-पड़ताल होने के कारण वीजा मिलने में देरी हो रही है।

## ऑफ बीट

# क्या छोटे व्यायाम सत्र भी उपयोगी हो सकते हैं ?



'माइक्रोडोज़िंग' शब्द की शुरुआत साइकेडेलिक ड्रग्स की बेहद कम मात्रा में सेवन को लेकर हुई थी, जिससे मूड और प्रदर्शन में सुधार हो सके और दुष्प्रभाव कम हों। अब यह शब्द किसी भी चीज़ की अल्प मात्रा में खपत के लाभ को संदर्भित करने लगा है-जिसमें व्यायाम भी शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति समयाभाव के कारण 30 मिनट की दौड़ नहीं कर सकता, तो छोटे-छोटे व्यायाम सत्र भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकते हैं। कम से कम कितना चलना जरूरी है।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वयस्कों को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट का मध्यम तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम (जैसे कि तेज़ चलना) या 75 मिनट का तीव्र व्यायाम (जैसे दौड़ना) करना चाहिए। यह व्यायाम दौड़ना, तैरना, साइकिल चलाना या टीम स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां हो सकती हैं। साथ ही, मांसपेशियों को मज़बूत करने वाले व्यायाम (जैसे भार उठाना या स्प्रिंटिंग) सप्ताह में दो बार करना भी आवश्यक है। क्या घरेलू काम भी व्यायाम है? रोज़मर्रा की गतिविधियां जैसे बच्चों के साथ खेलना या बस स्टॉप तक पैदल जाना भी कुल शारीरिक गतिविधि में योगदान देती हैं। जैसे कि पोछा लगाना आदि मध्यम तीव्रता की गतिविधियों के अंतर्गत आ सकते हैं।

## ट्रेंड

### सबसे बड़ी विशेषता



जब नरेंद्र मोदी जी भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री थे, तब वे अक्सर मध्यप्रदेश आया करते थे। उन्होंने पूरे प्रदेश का व्यापक दौरा किया। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वर्षों बाद भी वे उन कार्यकर्ताओं को याद रखते हैं और उन्हें सम्मान देते हैं।

**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

### बहुत भावुक क्षण



यह एक बहुत ही भावुक क्षण था। असम के कलाकारों ने प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में भूपेन दा की 100वीं जयंती समारोह के दौरान भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका दा की कुछ कालजयी रचनाओं का प्रदर्शन किया।

**-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**

### राहत पैकेज मिले



बाढ़ ने पंजाब में भीषण तबाही मचाई है। आज घोनेवाल में गांववासियों से मिला - उजड़े आशियाने, बर्बाद खेत, बिखरी ज़िंदगियां। राज्य और केंद्र बिना देरी पीड़ितों राहत पैकेज और मुआवज़ा दें।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### खेलना सही नहीं



भारत की 26 विवाहित महिलाओं को भारत के कश्मीर में पाकिस्तानियों द्वारा अपने-अपने पतियों की निर्मम हत्या देखने के लिए मजबूर किया गया। भयानक, लेकिन उससे भी भयानक है, तथाकथित कसाइयों पाकिस्तान के साथ बाहर आकर क्रिकेट खेलना।

**- सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बांग्लादेश का अफगानिस्तान के खिलाफ करो या मरो वाला मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

बल्लेबाजों के खराब फॉर्म से जूझ रहे बांग्लादेश को मंगलवार को एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी के करो या मरो वाले मुकाबले में स्पिन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। लिटन दास की अगुवाई वाली टीम ने हांगकांग पर शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन श्रीलंका से करारी हार के साथ उसकी लय टूट गई, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गया। अफगानिस्तान (4.700) नेट रन रेट के आधार पर आगे है। श्रीलंका (2.595) ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है, इसलिए बांग्लादेश (-0.650) को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपना अंतिम मैच हर हाल में जीतना होगा।

### अफगानिस्तान की टीम आत्मविश्वास से भरी

अफगानिस्तान ने इस टूर्नामेंट से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था और उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। उसके पास उपयोगी बल्लेबाज हैं और उसका गेंदबाजी आक्रमण किसी भी टीम के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने की क्षमता रखता है। ऐसे में बांग्लादेश के लिए उससे पार पाना आसान नहीं होगा।

### एशिया कप : बांग्लादेश को करना पड़ेगा अफगानिस्तान के स्पिनरों की चुनौती का सामना



### श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश का शीर्ष क्रम विफल

बांग्लादेश की सबसे बड़ी चिंता उसकी बल्लेबाजी है। श्रीलंका के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम बुरी तरह विफल रहा, जिसके बाद जैकर अली और शमीम हुसैन ने छठे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। एक बार फिर सभी की निगाहें कप्तान लिटन दास पर होंगी, जिन्होंने हांगकांग के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था।अब उनका सामना अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, अनुभवी मोहम्मद नबी, बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद और एएम गजनफर के मजबूत स्पिन आक्रमण से होगा, जो यहां की परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी टीम के लिए सबसे अच्छा संयोजन होगा।

### संभावित टीमें

**बांग्लादेश:** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदयोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।
**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद, फरीद मलिक, नवीन-उल-हक, फजलहक फारुकी।

## खबर संक्षेप



### स्पष्ट होती है अक्षर की रणनीतिः सूर्यकुमार

**दुबई।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद हरफनमौला अक्षर पटेल की जमकर तारीफ की। उन्होंने बाएं हाथ के इस स्पिनर की बाएं हाथ के बल्लेबाजों से निपटने के लिए अभ्यास के दौरान किए गए अतिरिक्त प्रयास और बल्लेबाजी के प्रति उनकी स्पष्टता की भी सराहना की। अक्षर ने कुलदीप यादव (18 रन देकर तीन विकेट) के साथ मिलकर भारत को सात विकेट से जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए, जिनमें खतरनाक फखर जमां का विकेट भी शामिल है, जिनका बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है। सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि वह (अक्षर) काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। वह काफी लंबे समय से भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसलिए वह अपना काम अच्छी तरह जानते हैं। उनकी रणनीति पूरी तरह से स्पष्ट होती है।'

### सिमंस बैंक ओपनः शीर्ष 20 में रेहान थॉमस



**फ्रेंक्लिन (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस सिमंस बैंक ओपन में अच्छे प्रदर्शन के साथ संयुक्त 20वें स्थान पर रहे। दुबई में पले बढे 24 वर्ष के रेहान ने 11 अंडर पार स्कोर किया । इस प्रदर्शन से उन्हें 17000 से अधिक अमेरिकी डॉलर और महत्वूपर्ण अंक मिले। जाक बाउचोउ ने 23 अंडर पार 257 के स्कोर के साथ खिताब जीता।

### 9 दिसंबर से एफआईएच प्रो लीग का नया सत्र




**लुसाने।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग का 2025- 26 सत्र 9 दिसंबर से अर्जेंटीना और आयरलैंड में शुरू होगा, जिसमें दस मेजबान देशों में रिकॉर्ड 144 मैच खेले जाएंगे। लीग के सातवें सत्र में दो नई टीमें आयरलैंड महिला टीम और पाकिस्तान पुरुष टीम होगी जिन्हें एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2024 . 25 से प्रमोट किया गया है। पुरुष और महिला लीग की विजेता टीम सीधे 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। सत्र के पहले मैच में जर्मनी का सामना बेल्जियम पुरुष टीम से आयरलैंड में होगा जबकि पुरुष वर्ग की चैंपियन नीदरलैंड टीम पदार्पण करने वाली पाकिस्तानी टीम से खेलेगी।

### विश्वकप जीत सकती है भारतीय टीम : सुलक्षणा

**मुंबई।** भारत की पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सुलक्षणा नाइक ने कहा कि भारतीय महिला टीम घरेलू मैदान पर विश्व कप जीतने में सक्षम है, बशर्ते वह दबाव से निपट सके। भारतीय महिला टीम अभी तक वनडे विश्व कप नहीं जीत पाई है तथा वह 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट में ट्रॉफी का यह इंतजार खत्म करने की कोशिश करेगी। भारत के लिए दो टेस्ट, 46 वनडे और 31 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली नाइक ने कहा, 'यह टीम विश्व कप जीतने में पूरी तरह सक्षम है। मैं केवल दबाव को लेकर चिंतित हूं। उन्हें दबाव नहीं लेना चाहिए।' नाइक ने कहा, 'भारतीय महिला टीम को इसकी आदत डालनी चाहिए। भारतीय पुरुष टीम इसकी आदी हो चुकी है। उन्हें इसकी परवाह नहीं है।



### सारांश प्लेयर ऑफ द सीरीज और यश राठौड़ प्लेयर ऑफ द मैच बने

# सेंट्रल जोन ने जीता दलीप ट्रॉफी का खिताब पाटीदार ने 10 साल बाद टीम को बनाया विजेता

### सेंट्रल जोन ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| बेंगलुर

सेंट्रल जोन ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराकर दलीप ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया। रजत पाटीदार और उनकी टीम को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले गए मुकाबले के पांचवें दिन दो घंटे से भी कम समय में मैच अपने नाम कर लिया। सेंट्रल जोन ने पहले दिन से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और साउथ जोन को पहली पारी में महज 149 रनों पर ढेर कर दिया। सारांश जैन को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। जबकि यश राठौड़ प्लेयर ऑफ द मैच बने। साउथ जोन को हराकर 11 साल के अंतराल के बाद दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बनने का गौरव सेंट्रल जोन ने हासिल किया।



### सेंट्रल जोन ने दलीप ट्रॉफी में अपना सातवां खिताब जीता

सेंट्रल जोन के सामने 65 रन का मामूली लक्ष्य था लेकिन साउथ जोन के गेंदबाजों ने उनके बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था और ऐसे में सेंट्रल जोन को उसे हासिल करने में बहुत ज्यादा परेशानी नहीं हुई। अक्षय वाडकर (नाबाद 19 रन, 52 गेंद) और पहली पारी के शतकवीर यश राठौड़ (नाबाद 13 रन, 16 गेंद) तब क्रीज पर थे, जब मध्य क्षेत्र ने 20.3 ओवर में चार विकेट पर 66 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और दलीप ट्रॉफी में अपना सातवां खिताब जीता।

### साउथ जोन के बॉलरों का रहा बोलबाला

बाएं हाथ के स्पिनर अंकित शर्मा ने दानिश मालेवार (05) को आउट किया। उनकी गेंद तेजी से घूमी और बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर मोहम्मद अजहरुद्दीन के पास पहुंची। बाद में उन्होंने सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार का विकेट भी लिया, जो जल्दबाजी में स्लॉग स्वीप खेलने के चक्कर में मिड-ऑन पर एमडी निधिश के हाथों कैच आउट हो गए। भारत ए टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने शुभम शर्मा और सारांश जैन (जिन्हें बाद में सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया) के विकेट चटकाए। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राठौड़ और वाडकर ने इसके बाद सेंट्रल जोन को लक्ष्य तक पहुंचाया।

### पाटीदार का कप्तान के रूप में वर्ष का दूसरा खिताब

पाटीदार का कप्तान के रूप में यह इस वर्ष का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत दिलाई थी और वह इससे काफी खुश हैं। उन्होंने मैच के बाद रजत ने कहा कि, हर कप्तान को ट्रॉफी जीतना पसंद होता है। हमारे खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त जज्बा दिखाया और मैं इससे बहुत खुश हूं।

क्रिकेट

# सिराज के सिर सजा आईसीसी का अवॉर्ड, चुने गए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए अगस्त महीने का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

आयरलैंड की महिला खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को भी सिराज के साथ महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया, जिससे भारत ने यह मैच छह रन से जीत कर श्रृंखला बराबर कराई।

### रैंकिंग में भी हुआ फायदा

ओवल टेस्ट में मोहम्मद सिराज ने दोनों पारियों में कुल मिलाकर 46.3 ओवर गेंदबाजी की थी। बताते चलें कि सिराज एकमात्र भारतीय तेज गेंदबाज रहे, जो इंग्लैंड टूर पर सभी 5 टेस्ट मैचों में खेले थे। इस पूरी सीरीज में उन्होंने 185.3 ओवर गेंदबाजी की, जो सबसे ज्यादा रही। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 23 विकेट लेने के बाद सिराज को रैंकिंग में भी फायदा हुआ था। इस कमाल के प्रदर्शन के बाद वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में 15वें स्थान पर आ गए थे। दुनिया में नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं।

### यूएई ने ओमान को हराकर सुपर चार में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी

**अबुधाबी।** खिताब के प्रबल दावेदार भारत ने सोमवार को यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की ओमान पर 42 रन की जीत के बाद एक मैच रहते एशिया कप के सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारत दो जीत से चार अंक के साथ वर्तमान में ग्रुप ए में शीर्ष पर है और 19 सितंबर को ओमान (दो मैचों में शून्य अंक) के खिलाफ खेलेगा। भारतीय टीम ओमान से हारने के बावजूद भी शीर्ष दो में रहेगी जिससे उसका सुपर चार के लिए क्वालीफाई करना तय है। ओमान से भारत का हारना असंभव है। पाकिस्तान और यूएई के बीच 17 सितंबर को होने वाले मैच से यह तय होगा कि भारत के अलावा ग्रुप ए से दूसरी टीम के रूप में सुपर चार में कौन जगह बनाता है।

# एएसआईपी सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष बने बत्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व अध्यक्ष नरिंदर बत्रा को खेल उद्योग पेशेवरों के संघ (एएसआईपी) के सलाहकार बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है, जिसमें विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता लंबी कूद की खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज भी शामिल है। एआईपीएल के प्रबंधन बोर्ड ने बैठक में सलाहकार बोर्ड के गठन को मंजूरी दी।



सलाहकार बोर्ड भारतीय खेलों के इकोसिस्टम से जुड़े हर पेशेवर को एकजुट करने के एएसआईपी के मिशन के लिये रणनीतियां बनाएगा। एआईपीएस के अनुसार सलाहकार बोर्ड उच्च स्तरीय रणनीतिक रोडमैप और अग्रणी नीतियां तैयार करेगा, हितधारकों को जोड़ने पर सलाह देगा और वाणिज्यिक विकास पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

इसके अलावा नई पहल, अनुसंधान पहलों और क्रॉस-सेक्टर साझेदारियों के लिए एक साउंडिंग बोर्ड के रूप में कार्य करेगा। बत्रा अनुभवी खेल प्रशासक हैं जबकि अंजू भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की सीनियर उपाध्यक्ष हैं । उनके अलावा लॉयड मथियास, मोलिना अस्थाना और हिमांशु गौतम भी बोर्ड में हैं ।

# भारतीय टीम के हाथ न मिलाने से बौखलाया पाक

### पाकिस्तान ने आईसीसी से की मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट की शिकायत

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 के मुकाबले में हाथ न मिलाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस मसले पर अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की शरण में पहुंच गया।

पाकिस्तान की तरफ से मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट की शिकायत की गई है। पीसीबी ने आरोप लगाया कि मैच रेफरी ने आईसीसी की आचार संहिता तोड़ी है। उन्हें एशिया कप के बाकी मैचों से हटा दिया जाए। भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में टॉस के समय भी हाथ नहीं मिलाया और मैच समाप्ति के बाद भी ऐसा कुछ ही हुआ। इसके बाद नाराज होकर पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा पोस्ट मैच प्रजेंटेशन से दूर रहे।



### कौन है एंडी पायक्रॉफ्ट

पायक्रॉफ्ट जिम्बाब्वे के क्रिकेटर रहे हैं। उन्होंने 1983 से 1992 के बीच तीन टेस्ट और 20 वनडे मुकाबले खेले। बाद में वे जिम्बाब्वे ए टीम के कोच भी बने। 2009 में वह आईसीसी मैच रेफरी एलिट पैनल का हिस्सा बन गए थे।

### पाकिस्तानी टीम मैनेजमेंट ने दर्ज कराया विरोध

पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी जो संयोग से एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन भी हैं उन्होंने पायक्राफ्ट की शिकायत की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, पीसीबी ने आईसीसी के सामने मैच रेफरी की शिकायत की है, जिन्होंने आईसीसी आचार संहिता और खेल भावना को लेकर एमसीसी के नियम तोड़े। पीसीबी की मांग है कि एशिया कप से मैच रेफरी को फौरन हटा दिया जाए। इससे पहले पीसीबी की तरफ से एक बयान जारी किया गया था, जिसमें कहा था कि उनकी तरफ से मैच रेफरी को लेकर आधिकारिक शिकायत की गई है। पाकिस्तानी टीम के मैनेजर नावीद अकरम चीमा ने यह शिकायत की।

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# फाइनल की दौड़ से बाहर श्रीशंकर और पारुल

एजेंसी ▶▶| टोकियो

भारत के लंबी कूद के स्टार खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके और 14वें स्थान पर रहे। तीसरी बार विश्व चैम्पियनशिप खेल रहे श्रीशंकर ग्रुप ए क्वालीफिकेशन दौर में तीन प्रयासों में सर्वश्रेष्ठ कूद 7.78 मीटर की ही लगा सके, जो पिछले तीन साल से अधिक समय में उनका सबसे खराब प्रदर्शन है। वह 37 प्रतियोगियों में 25वें स्थान पर रहे। स्वतः क्वालीफिकेशन का 8.15



मीटर का आंकड़ा छूने वाले या 12 सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगियों ने फाइनल में जगह बनाई। श्रीशंकर अमेरिका के यूजीन में 2022 में हुई विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर सातवें स्थान पर रहे थे। घुटने की चोट और सर्जरी के कारण वह पेरिस ओलंपिक समेत 2024 में अधिकांश टूर्नामेंटों से बाहर रहे थे। उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 8.41 मीटर है, जो उन्होंने 2023 में किया था।

### पारुल और अंकिता स्टीपलसचेस में नौंवे ओर 11वें स्थान पर



राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी पारुल चौधरी और अंकिता ध्यानी महिलाओं की स्टीपलसचेस स्पर्धा में अपनी हीट में क्रमशः नौवे ओर 11वें स्थान पर रही। पारुल कुल 20वें और अंकिता 35वें स्थान पर रही। पारुल ने नौ मिनट 22.24 सेकंड का समय लिया जबकि उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड नौ मिनट 12.46 सेकंड का है। वह बुडापेस्ट में 2023 विश्व चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचकर दसवें स्थान पर रही थीं। अंकिता को चैपियनशिप में दूसरे देशों के कुछ एथलीटों के ऐन मौके पर नाम वापिस लेने के बाद जगह मिली थी। उसने दस मिनट 03.22 सेकंड का समय लिया। पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस शिरसे आठ खिलाड़ियों की हीट में छठे स्थान पर रहकर फाइनल में नहीं पहुंच सके।

### आज से शुरू हो रहा चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# लय कायम रखने उतरेंगे लक्ष्य और सात्विक-चिराग

एजेंसी ▶▶| शेनजेन (चीन)

हांगकांग ओपन के फाइनल तक पहुंचे लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में यह लय कायम रखने उतरेंगे। पिछले दो साल में पहले बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य का सामना यहां पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। अलमोड़ा के 24 वर्ष के लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद से कई टूर्नामेंटों में जल्दी बाहर होते आए हैं। उन्होंने हांगकांग ओपन में यह सिलसिला तोड़ा। उन्होंने कहा ,' मुझे अधिक आत्मविश्वास रखना होगा। पहले ही दिन से प्रक्रिया पर अडिग रहना होगा।'





### मलेशिया से पहले दौर में भारतीय जोड़ी का मुकाबला

आठवीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग इस सत्र में छह बार सेमीफाइनल में पहुंचे, विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य जीता और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे। एशियाई खेल चैंपियन जोड़ी हालांकि इस सत्र में खिताब नहीं जीत सकी है। उनका सामना पहले दौर में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा। पिछले 16 महीने में यह उनका पहला फाइनल था। सात्विक ने कहा,' हम जिस तरह से खेल रहे हैं, हम जीत सकते हैं।

### डेनमार्क की जूली से सिंधू की टक्कर

पिछले सप्ताह जापान के कोडाइ नराओका को हराने वाले आयुष शेट्टी का सामना चीनी ताइपै के छठी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू की टक्कर डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन से होगी। तीस वर्ष की सिंधू विश्व चैंपियनशिप क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी लेकिन लाइन क्रिस्टोफरसेन से हार गई। महिला युगल में श्वेतापर्णा और रितुपर्णा पांडा की टक्कर मलेशिया की ओंग शिन यी और कारमेन तिंग से होगी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और शिवानी गाड्डे का सामना जापान के युइची शिमोगामी और सयाका होबारा से होगा जबकि ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की टक्कर चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से होगी।

कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र, श्री अमन शर्मा, श्री दिनेश, श्रीमती शशि देवी दिनेश डेयरी फार्म (प्रोस्पैक्ट नं. IL10777969 | खेवट नं. 1330, खतौनी नं. 1409, किल्ला नं. 115//1 (7-17) पानीपत, हरियाणा, 132101, भारत में निहित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2722 | रु. 2534015/- (रुपये पच्चीस लाख चौंतीस हजार पन्द्रह केवल) | 30-05-2025 | 11-09-2025 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001, अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 16.09.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

भारत आए ट्रंप के खास अधिकारी ब्रेंडन लिंच

# यूएस के साथ ट्रेड डील फिर होगी बात, बैठक आज

## वार्ता वैश्विक आर्थिक माहौल और द्विपक्षीय रणनीतिक रिश्तों के लिहाज से बेहद अहम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर लगातार सकारात्मक प्रयास हो रहे हैं। इसी कड़ी में व्यापार वार्ता पर आगे की बातचीत करने के लिए अमेरिका से मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच सोमवार रात भारत पहुंच चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और वार्ता के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच, यूएस ट्रेड रिप्रजेंटेटिव फॉर साउथ एंड सेंट्रल एशिया के अस्सिटेंट हैं। वे अपने भारतीय समकक्ष से द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के लिए नई दिल्ली पहुंच चुके हैं।

दोनों पक्षों के बीच आज ट्रेड डील पर बात होगी। प्रस्तावित व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच अबतक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। वार्ता का छठा दौर 25-29 अगस्त के बीच होना था लेकिन अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद इसे टाल दिया गया था। इस बैठक से भारत-अमेरिका संबंधों में आ रही तल्खी को कम करने की उम्मीद है।

*यह बातचीत छटे दौर की वार्ता से पहले की तैयारी*

*ऑनलाइन साप्ताहिक बातचीत करते रहे दोनों देश*

*अक्टूबर-नवंबर 2025 तक वार्ता को पूरा करने का लक्ष्य*

प्रस्तावित व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी। वार्ता का छठा दौर 25-29 अगस्त के बीच होना था, लेकिन अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद इसे टाल दिया गया


ब्रेंडन लिंच

### पिछले कई महीनों से बातचीत जारी

बीटीए पर भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि हमने पहले भी संकेत दिए हैं कि हमारे बीच बातचीत जारी है। हालांकि, यह बीटीए पर छठे दौर की बातचीत नहीं है लेकिन यह निश्चित रूप से व्यापार वार्ता से जुड़ी चर्चा है। यह पता करने की कोशिश होगी कि भारत और अमेरिका के बीच समझौते पर हम किस तरह पहुंच सकते हैं। यह बातचीत छठे दौर की वार्ता से पहले की तैयारी होगी। दोनों देश ऑनलाइन माध्यम से साप्ताहिक आधार पर बातचीत करते रहे हैं।


राजेश अग्रवाल

**टैरिफ तनाव के चलते रुकी थी वार्ता**

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता इस साल मार्च में शुरू हुई थी, और इसे अक्टूबर-नवंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य था। ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के चलते बातचीत रुक गई थी। अब दोबारा बातचीत शुरू होने से दोनों देशों के बीच व्यापार विवाद सुलझाने और सहयोग को आगे बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है। यह वार्ता वैश्विक आर्थिक माहौल और द्विपक्षीय रणनीतिक रिश्तों के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है।

सुशीला कार्की के फैसले से भड़के जेन जेड

# जैसे कुर्सी पर बिठाया वैसे ही हम हटा भी सकते हैं

*मंत्रिमंडल का गठन मनमाने तरीके से करने का लगाया आरोप*

## नेपाल में 3 मंत्रियों ने ली शपथ, 5 मार्च तक होंगे चुनाव

**काठमांडू(एजेंसी)।** नेपाल में जेन जी जेड आंदोलनकारियों ने तख्तापलट कर दिया है। यहां प्रदर्शन खत्म होने के बाद चुनी हुई नेता के तौर पर सुशीला कार्की का नाम सामने आया और वो अंतरिम प्रधानमंत्री बनी। वहीं जैसे ही सुशीला कार्की ने प्रधानमंत्री का पद संभाला, अब जेन जेड प्रदर्शनकारी उनसे भी नाराज हो गए। इस आंदोलन का प्रमुख चेहरा बने सामाजिक कार्यकर्ता सुदन गुरुंग ने बड़ी मांग की है। सुदन गुरुंग के नेतृत्व वाला एक युवा समूह रविवार को अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के बलुवतार स्थित आवास के बाहर देर रात तक प्रदर्शन करता रहा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मंत्रिमंडल का गठन मनमाने तरीके से किया गया है और उन्होंने कार्की से इस्तीफे की मांग की। खासतौर पर उन्होंने ओम प्रकाश आर्यल को गृह मंत्री बनाए जाने का विरोध किया।



### इन्होंने शपथ ग्रहण की

नेपाल में पीएम सुशीला कार्की ने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। मंत्री के रूप में रामेश्वर खनाल, ओमप्रकाश अर्याल और कुलमान घीसिंग को शपथ दिलाई गई। पूर्व मुख्य न्यायाधीश और अंतरिम पीएम सुशीला के पास अगले साल 5 मार्च तक नए चुनाव कराने का समय है।

कोलकता में 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, बोले

# चुनौतियों से निपटने को आपसी सहयोग, नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना आवश्यक

एजेंसी ▶▶ कोलकता

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर में अनुकरणीय भूमिका के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। पीएम मोदी ने यहां विजय दुर्ग (पूर्व में फोर्ट विलियम) स्थित भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में तीनों सेनाओं के सैन्य कमांडरों के तीन दिवसीय 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों में आपसी सहयोग, आत्मनिर्भरता और नवाचार को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने समुद्री डकैती रोधी अभियानों व संघर्षग्रस्त क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा। उन्होंने राष्ट्र निर्माण व मित्र देशों को मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रदान करने में भी सशस्त्र बलों की प्रशंसा की। सम्मेलन के दौरान पीएम ने 'भारतीय सशस्त्र बल विजन 2047' दस्तावेज भी जारी किया। यह दस्तावेज भविष्य के लिए तैयार भारतीय सशस्त्र बलों का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में शामिल हुए, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस तरह का पहला सम्मेलन है। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों प्रमुखों ने भी भाग लिया।

*पीएम मोदी ने समुद्री डकैती रोधी अभियानों व संघर्षग्रस्त क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा। उन्होंने राष्ट्र निर्माण व मित्र देशों को मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रदान करने में भी सशस्त्र बलों की प्रशंसा की*



संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस

### रणनीतिक मुद्दों पर होगा गहन विचार

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस में थलसेना, वायुसेना व नौसेना सेना के टॉप कमांडर्स मौजूद हैं। यहां रणनीतिक मुद्दों की एक विस्तृत शृंखला पर विचार-विमर्श किया जा रहा है, जिसमें सेना का आधुनिकीकरण, संयुक्तता, एकीकरण और बहु-क्षेत्रीय युद्ध के लिए परिचालन तत्परता को बढ़ाना शामिल है। यह द्विवार्षिक सम्मेलन सशस्त्र बलों का शीर्ष विचार-मंथन मंच है।*

### वर्ष 2025 रक्षा क्षेत्र में सुधारों का वर्ष, ठोस कदम उठाएं

पीएम मोदी ने वर्ष 2025 को रक्षा क्षेत्र में सुधारों का वर्ष बताते हुए रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और किसी भी परिस्थिति में विजयी होने के लिए आपसी सहयोग, आत्मनिर्भरता और नवाचार को बढ़ावा देने हेतु ठोस कदम जल्द से जल्द लागू किए जाएं। इस दौरान, पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने नए परिदृश्य में सशस्त्र बलों की संचालनिक तत्परता, उभरती प्रौद्योगिकियों और युद्धक रणनीतियों के परिप्रेक्ष्य में भविष्य के युद्ध तथा बीते दो वर्षों में लागू सुधारों और आने वाले दो वर्षों की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।

### आगे के रोडमैप पर होगी चर्चा

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि आगामी दो दिनों में यह सम्मेलन विभिन्न संरचनात्मक, प्रशासनिक और संचालनिक मुद्दों की व्यापक समीक्षा करेगा। इसमें सभी सेनाओं से प्राप्त फीडबैक, वैश्विक अस्थिरताओं के बीच भारत की सैन्य तैयारी और पीएम के विजन के अनुरूप आगे की रोडमैप पर गहन चर्चा की जाएगी। भारतीय सशस्त्र बलों की यह एक बेहद महत्वपूर्ण 'संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस' है। सम्मेलन का विषय है 'सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन'। यहां साझा रणनीति, संयुक्त ऑपरेशन समेत विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा।

हत्या पर ट्रंप सख्त...

## अवैध अप्रवासी 'अपराधियों' के प्रति नरम रुख अपनाने का समय खत्म

**वॉशिंगटन (हरिभूमि ब्यूरो)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल के चंद्र नागमल्लैया की हत्या की निंदा की। नागमल्लैया का क्यूबा से आए एक अवैध विदेशी ने उनकी पत्नी और बेटे के सामने सिर धड़ से अलग कर दिया था। ट्रंप ने रविवार को इस घटना को भयानक बताया। उन्होंने कहा कि उनके शासन में अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति नरम रुख अपनाने का समय खत्म हो गया है। उन्होंने हत्यारे के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प लिया। लंदन में हुई दक्षिणपंथी रैली के दौरान अचानक हिंसा भड़क गई थी। इसे लेकर ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने सख्त चेतावनी जारी करते हुए कहा कि देश में किसी भी तरह का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों के बैकग्राउंड और उनकी त्वचा के रंग के आधार पर उन्हें निशाना बनाना किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया। जाएगा।



टैरिफ युद्ध के बीच मॉस्को का बयान

# भारत और रूस के संबंधों को तोड़ने के प्रयास होंगे 'विफल'


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस से तेल खरीदने और यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का आरोप लगाकर अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इतना ही नहीं अमेरिका द्वारा जी7 देशों पर भी दबाव बनाया जा रहा है कि वे रूस से तेल खरीदने के लिए भारत के सामान पर भारी-भरकम टैरिफ लगाएं। इसे लेकर रूस ने बयान जारी किया है और कहा है कि भारत और रूस के संबंध समय की कसौटी पर खरे उतर चुके हैं और लगातार आगे बढ़ रहे हैं। रूस ने चेतावनी दी कि दोनों देशों को संबंधों को तोड़ने की हर कोशिश विफल होगी। रूस के विदेश मंत्रालय से मीडिया ने सवाल किया कि अमेरिका और पश्चिमी देशों का भारत पर टैरिफ दबाव बढ़ता जा रहा है।

### राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देंगे

रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत का यह रुख भारत-रूस की दोस्ती की उस भावना और परंपरा में निहित है, जो अंतरराष्ट्रीय मामलों में रणनीतिक स्वायत्तता को प्रदर्शित करता है। मॉस्को ने कहा कि भारत-रूस की साझेदारी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की सर्वोच्चता को प्राथमिकता देती है। दोनों देशों के संबंध विश्वसनीय, पूर्वानुमानित और रणनीतिक प्रकृति के हैं। भारत और रूस नागरिक और सैन्य उत्पादन, मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन, परमाणु ऊर्जा और रूसी तेल अन्वेषण जैसी संयुक्त परियोजनाओं में मिलकर काम कर रहे हैं।

## दावाः प्रदूषण से दिल्ली के लाल किले को हो रहा तेजी से नुकसान, पड़ रहा काला

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की बदतर होती जा रही वायु गुणवत्ता के कारण प्रतिष्ठित लाल किला लगातार और तीव्र गति से क्षतिग्रस्त हो रहा है। एक हालिया अध्ययन में यह दावा किया गया है। एक नए भारतीय-इतालवी अध्ययन के अनुसार, 17वीं सदी के इस स्मारक की लाल बलुआ पत्थर की दीवारों पर प्रदूषकों की काली परतें लगातार जम रही हैं, जिससे इसकी संरचना और सौंदर्य को खतरा उत्पन्न हो गया है। अध्ययन का शीर्षक है-''एक सांस्कृतिक विरासत भवन पर वायु प्रदूषण के प्रभावों का विश्लेषण करने के लिए लाल बलुआ पत्थर और काली परत के लक्षण का वर्णनः लाल किला, दिल्ली, भारत। यह अध्यन इस बात की पहली व्यापक वैज्ञानिक जांच है कि शहरी वायु प्रदूषण 1639 और 1648 के बीच सम्राट शाहजहां द्वारा निर्मित इस ऐतिहासिक स्मारक को कैसे प्रभावित कर रहा है। भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और इटली के विदेश मंत्रालय के बीच सहयोग के तहत यह शोध इस वर्ष भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान-रुड़की, भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान-कानपुर, वेनिस के का' फोस्कारी विश्वविद्यालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया था।

## वल्मीकि कॉर्पोरेशन घोटालाः पूर्व मंत्री नागेंद्र पर फंड घोटाले का आरोप, 16 ठिकानों पर मारे छापे

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** कर्नाटक में अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग से जुड़े बहुचर्चित वल्मीकि कॉर्पोरेशन घोटाले में सीबीआई ने आज, सोमवार को कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 16 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई उस मामले से जुड़ी है जिसमें सरकारी धन को निजी खातों में ट्रांसफर कर घोटाले का आरोप है। भारी भ्रष्टाचार, खुलेआम सरकारी धन की लूट हुई, मामले में मुख्य आरोपी हैं तत्कालीन मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बी. नागेंद्र। मामले ने अब सियासी तूल पकड़ लिया है। बेंगलुरु से दिल्ली तक हंगामा बरपा है। सीबीआई ने नागेंद्र पर शिकंजा कस दिया है।

### न्यायालय की निगरानी में जांच

16 नवंबर, 2024 को भाजपा विधायक बसनगौड़ा आर. पाटिल ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका (संख्या 31101/2024) दायर की थी। याचिका में सीबीआई से कोर्ट के समक्ष फाइनल रिपोर्ट पेश करने और जांच के दौरान अंतरिम रिपोर्ट जमा करने की मांग की गई। तब से कर्नाटक उच्च न्यायालय इस मामले की सीधे निगरानी कर रहा है। अब तक सीबीआई अदालत में चार स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है। सीबीआई ने 15 सितंबर, 2025 को कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 16 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इन छापों में कई दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और बैंकिंग लेनदेन से जुड़े सबूत बरामद किए गए।

## गृह मंत्री अमित शाह ने सीआरपीएफ और राज्य पुलिस की सराहना की

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** झारखंड के हजारीबाग जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आज एक बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने 1 करोड़ के इनामी और भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय कमिटी के सदस्य सहदेव सोरेन उर्फ परवेश को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। इस अभियान में दो अन्य इनामी नक्सलियों को भी मार गिराया गया। रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल, बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी सदस्यों सिर पर 25 लाख रुपए का इनाम था जबकि बीरसेन गांझू उर्फ रामखेलावन, जोनल कमेटी सदस्य पर इनाम 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस सफलता पर सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा,''आज हजारीबाग में कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम को एंटी-नक्सल ऑपरेशन में बड़ी कामयाबी मिली है।



'पैसिफिक रीच 2025' में शामिल होने नौसेना का 'निस्तार' पहुंचा चांगी नेवल बेस

# साउथ चाइना सी में होगा बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास

## 40 से अधिक देश सीधे प्रतिभागी या पर्यवेक्षक के रूप में शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का नवीनतम डाइविंग सपोर्ट वेसल आईएनएस निस्तार साउथ चाइना सी में होने वाले सैन्य अभ्यास में शामिल होने जा रहा है। आईएनएस निस्तार अपनी पहली विदेशी यात्रा के तहत सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पर पहुंच चुका है। यह समुद्री जहाज स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित है।

सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पर मौजूद यह भारतीय नौसेनिक पोत यहां बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'पैसिफिक रीच 2025 (एक्सपीआर-25)' में हिस्सा लेगा। यह सैन्य अभ्यास सोमवार 15 सितंबर से शुरू हो गया है। इसका आयोजन सिंगापुर द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 40 से अधिक देश सीधे प्रतिभागी या पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हैं।

*हार्बर फेज में पनडुब्बी बचाव प्रणाली पर गहन चर्चा होगी*

*सी फेज में रेस्क्यू ऑपरेशन का अभ्यास करेगा 'निस्तार'*



### दो चरणों में होगा अभ्यास

यह अभ्यास दो चरणों में होगा, इनमें से एक हार्बर फेज है और दूसरा सी फेज। हार्बर फेज एक सप्ताह तक चलेगा। इसमें पनडुब्बी बचाव प्रणाली पर गहन चर्चा होगी। साथ ही सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट एक्सचेंज, मेडिकल सिम्पोजियम तथा प्रतिभागी देशों के बीच क्रॉस डेक विजिट भी इसमें शामिल होंगे। वहीं सी फेज में आईएनएस निस्तार अन्य देशों के साथ मिलकर अनेक इंटरवेंशन और रेस्क्यू ऑपरेशन का अभ्यास करेगा।

### भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ नया पनडुब्बी-रोधी युद्धपोत

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय नौसेना के बेड़े में एक स्वदेश निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धपोत के शामिल होने से हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर नौसेना की समुद्री क्षमताओं में वृद्धि होने की उम्मीद है। 'अंद्रोथ' उथले जल में संचालित आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) में से दूसरा युद्धपोत है, जिसका निर्माण कोलकाता के 'गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स' (जीआरएसई) द्वारा किया गया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह जहाज शनिवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया, जो रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और कदम है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25